जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 124, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश


www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 31 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कोरोना में अनाथ हुए बच्चों को हर महीने मिलेंगे 4000, पांच लाख का मुफ्त इलाज

# 'कोरोना में विश्व के लिए 'किरण' बना भारत




**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर कोरोना काल में हार नहीं मानने की प्रवृत्ति को भारतीयों की ताकत बताया। उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान नकारात्मकता के माहौल में भारत ने अपने सामर्थ्य पर भरोसा किया और दुनिया के लिए चिंता नहीं, बल्कि उम्मीद की किरण बनकर उभरा। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को कोरोना में अनाथ हुए बच्चों के लिए पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत दी जाने वाली सुविधाओं को जारी करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने उन बच्चों के जीवन में आ रही कठिनाइयों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की जिन्होंने कोरोना के कारण अपने प्रियजनों को खो दिया। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह प्रधानमंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य के तौर पर उनसे संवाद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजना की शुरूआत करते हुये कहा कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना ऐसे कोरोना प्रभावित बच्चों की मुश्किलें कम करने का एक छोटा सा प्रयास है, जिनके माता और पिता या दोनों नहीं रहे। यह योजना इस बात का भी प्रतिबिंब है कि हर देशवासी पूरी संवेदनशीलता से आपके साथ हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि अगर किसी को प्रोफेशनल कोर्स या उच्च शिक्षा के लिए एजुकेशन लोन की जरूरत है तो उसमें भी पीएम-केयर्स मदद करेगा। अन्य दैनिक जरूरतों के लिए भी अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से उनके लिए हर माह 4 हजार रुपये की व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में आगे उन्होंने कहा कि 23 वर्ष की आयु पूरी करने करने पर 10 लाख रुपये के अलावा बच्चों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा और संवाद हेल्पलाइन के जरिये भावनात्मक परामर्श दिया जाएगा, ताकि मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक मदद की जा सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस फंड ने कोरोना काल में अस्पतालों को तैयार करने, वेंटिलेटर्स खरीदने और ऑक्सिजन प्लांट लगाने में भी बहुत मदद की। इससे अनेक लोगों का जीवन बचाया जा सका और कई परिवारों का भविष्य बचाया जा सका। प्रधानमंत्री ने कहा कि निराशा के अंधकारमय वातावरण में भी यदि हम स्वयं पर विश्वास करें तो प्रकाश की एक किरण अवश्य दिखाई देती है। उन्होंने भारत को ही इसका सबसे बड़ा उदाहरण बताया। प्रधानमंत्री ने बच्चों को सलाह दी कि निराशा को हार में न बदलने दें। प्रधानमंत्री ने बच्चों को सलाह दी कि वे अपने बड़ों और शिक्षक का कहा मानें। इस कठिन समय में अच्छी किताबें उनकी विश्वसनीय दोस्त हो सकती हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें रोग मुक्त रहने और खेलो इंडिया व फिट इंडिया मूवमेंट का नेतृत्व करने के लिए भी कहा। साथ ही योग दिवस में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

**समस्या नहीं बने, बल्कि हम समाधान देने वाले बनेः मोदी**

**भारत में कोरो**ना रोधी टीका तैयार करने से लेकर अनाज आदि उपलब्ध कराने के कदमों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नकारात्मकता के उस माहौल में भारत ने अपने सामर्थ्य पर भरोसा किया। हमने अपने वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, अपने युवाओं पर भरोसा किया और हम दुनिया के लिए चिंता नहीं, बल्कि उम्मीद की किरण बनकर निकले। उन्होंने कहा कि हम समस्या नहीं बने, बल्कि हम समाधान देने वाले बने। हमने दुनिया भर के देशों को दवाइयां भेंजी, वैक्सीन्स भेजीं। अपने इतने बड़े देश में भी हम हर एक नागरिक तक वैक्सीन लेकर गए। हमारा देश सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है और दुनिया नई उम्मीद और विश्वास के साथ हमारी ओर देख रही है।

## आठ सालों में देशवासियों का खुद पर भरोसा बढ़ाः मोदी



**भारतीय** जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन (राजग) सरकार के आठ साल पूरे होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन आठ सालों में देश का आत्मविश्वास, देशवासियों का खुद पर भरोसा बढ़ा है। भ्रष्टाचार, हजारों करोड़ के घोटाले, भाई-भतीजावाद, देशभर में फैल रहे आतंकी संगठन, क्षेत्रीय भेदभाव, जिस कुचक्र में देश 2014 से पहले फंसा हुआ था, उससे बाहर निकल रहा है। स्वच्छ भारत मिशन, जन धन योजना या हर घर जल अभियान जैसी कल्याणकारी नीतियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से आगे बढ़ रही है। पिछले 8 साल गरीबों के कल्याण और सेवा के लिए समर्पित रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, "परिवार के एक सदस्य के रूप में हमने कठिनाइयों को कम करने और देश के गरीबों के लिए जीवन की सुगमता में सुधार करने की कोशिश की है।" उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बढ़ाकर सरकार ने गरीब को उसके अधिकार सुनिश्चित किए हैं। अब गरीब से गरीब को भरोसा है कि सरकार की योजनाओं का लाभ उसे मिलेगा, निरंतर मिलेगा।

## दिल्लीः हेल्थ मिनिस्टर सत्येंद्र जैन गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** दिल्ली के हेल्थ मिनिस्टर सत्येंद्र जैन को इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट यानी ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। करप्शन और हवाला मामले में जैन के खिलाफ जांच चल रही थी। यह मामला कोलकाता की कंपनी से जुड़ा बताया जा रहा है। सत्येंद्र को अरविंद केजरीवाल का करीबी माना जाता है। दो महीने पहले सीबीआई की तरफ से प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) में दर्ज एफआईआर के बाद जैन के परिवार और फर्मों से संबंधित 4.81 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया था। सीबीआई ने अगस्त 2017 में केस दर्ज किया था। बाद में ये केस एऊ को ट्रांसफर कर दिया गया था।




**शेल कंपनियों से 4.81 करोड़ रुपए मिले थे:** ईडी के मुताबिक जांच में पाया गया था कि 2015-16 के दौरान सत्येंद्र जैन एक लोकसेवक थे, तो उनके द्वारा लाभकारी स्वामित्व वाली और नियंत्रित कंपनियों को हवाला के जरिए कोलकाता बेस्ड एंट्री ऑपरेटरों को नकद ट्रांसफर के बदले शेल कंपनियों से 4.81 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। ईडी की रिपोर्ट के मुताबिक इस रकम का इस्तेमाल जमीन की सीधी खरीद या दिल्ली और उसके आसपास कृषि भूमि की खरीद को लिए गए कर्ज की अदायगी के लिए किया गया था।

**डॉ. ऋषि राज के साथ आया था नाम सामनेः** दिल्ली डेंटल काउंसलिंग के रजिस्ट्रार डॉ. ऋषि राज के घर पर पड़े सीबीआई छापे में सत्येंद्र जैन और उनकी कंपनियों से जुड़े दस्तावेज और दो करोड़ रुपए की बैंक डिपॉजिट स्लिप मिली थी। इससे पता चला था कि 2011 में जैन की कंपनियों के नाम पर दो करोड़ रुपए जमा कराए गए थे। इसके अलावा जैन के नाम पर दिल्ली के कराला गांव में 12 बीघा और 8 बीघा जमीन के बैनामा के साथ 14 बीघा जमीन की पावर ऑफ अटॉर्नी भी मिली थी।

**केजरीवाल को उस भ्रष्टाचार के बारे में पता है, जिसमें जैन शामिल थे: भाजपा:** प्रदर्शन के दौरान दिल्ली भाजपा प्रमुख आदेश गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उस भ्रष्टाचार के बारे में पता है, जिसमें जैन शामिल थे। बावजूद इसके मामले पर चुप्पी बनाए रखी। आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल यह जानबूझकर शोर मचा रहे थे कि जैन पर ईडी की कार्रवाई हो सकती है।

**आप का दावा- जैन बहुत ईमानदार व्यक्तिः** कुछ समय पहले दिल्ली में सत्तारूढ़ दल ने दावा किया था कि जैन बहुत ईमानदार व्यक्ति हैं। उनके खिलाफ मामला अदालत द्वारा खारिज कर दिया जाएगा। उधर,फरवरी में पंजाब चुनाव से पहले केजरीवाल ने दावा किया था कि उन्हें सूत्रों से पता चला है कि ईडी जैन को गिरफ्तार करने जा रही है।

## पीएम मोदी ने भारतीयों के सपनों को लगाए पंख: शाह

**नई दिल्लीः** मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा नीत राजग सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आठ साल के कार्यकाल में देश के सभी नागरिकों के सपनों को पंख लगा दिए हैं। साथ ही सरकार ने अपने कामकाज से देशवासियों में नया आत्मविश्वास जगा दिया है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने सोमवार को कई ट्वीट करके पीएम मोदी के आठ साल के कार्यो का ब्योरा देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता को सेवा मानते हुए काम किया है। मोदी के रूप में भारत के पास एक ऐसा नेता है जिस पर देश के सभी वर्गों को भरोसा और गर्व है।

## आज आएगी पीएम किसान सम्मान निधि योजना की अगली किस्त




**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** किसान सम्मान निधि योजना की 11वीं किस्त कल देशभर के किसानों के खाते में आ जाएगी। इस योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को हर साल 2-2 हजार रुपये की तीन किस्तों में कुल 6000 रुपये का भुगतान किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को शिमला में एक कार्यक्रम के दौरान देशभर के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की अगली किस्त ऑनलाइन जारी करेंगे। इस संबंध में उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक इस बार से उन किसानों को ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किस्त मिल पाएगी, जिन्होंने ई-केवाईसी प्रोसेस को पूरा कर लिया है। ई-केवाईसी का प्रोसेस पूरा करने के लिए किसानों को इस योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर उसमें मांगी गई जानकारियों को भरना होगा। इसके तहत सबसे पहले किसानों को वेबसाइट पर ई-केवाईसी के लिंक को क्लिक करना होगा। इस लिंक के पेज पर किसानों को अपना आधार नंबर और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। इतना करने के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आए ओटीपी को भरना होगा। ये सारा काम हो जाने के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ही एक और आधार ओटीपी आएगा। इस आधार ओटीपी को भरने के बाद ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस योजना के तहत लाभार्थी अपना नाम पीएम किसान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं।

## मूसेवाला हत्याकांड: उत्तराखंड से संदिग्ध शार्प शूटर समेत 6 हिरासत में

**चंडीगढ़/देहरादून: सिद्धू** मूसेवाला हत्याकांड के मामले में गैंगस्टर लॉरेंस ने एनआईए कोर्ट में पिटीशन दायर की है। पिटीशन में उसने कहा है कि अगर पंजाब पुलिस मेरा प्रोडक्शन वारंट मांगती है तो एनकाउंटर हो सकता है। इसलिए मेरी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पुलिस को अगर पूछताछ करनी है तो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करे। इसके लिए कस्टडी की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने इस पिटीशन को सुनने से इनकार कर दिया है। कहा- लॉ एंड ऑर्डर राज्य पुलिस का विषय है। वहीं, इस मामले में पंजाब पुलिस उत्तराखंड पहुंची। यहां उत्तराखंड एसटीएफ के साथ 6 लोगों को हिरासत में लिया।

इनमें एक आरोपी लॉरेंस गैंग का संदिग्ध शार्प शूटर बताया जा रहा है। इसे हिमाचल से उत्तराखंड में घुसते वक्त एक कार रोककर हिरासत में लिया गया। पंजाब पुलिस इनकी शिनाख्त कर रही है।

## किसान नेता राकेश टिकैत पर स्याही फेंकी

**बेंगलुरूः** कर्नाटक में भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत पर एक शख्स ने काली स्याही फेंक दी। घटना बेंगलुरु प्रेस क्लब की है, जहां टिकैत प्रेस कॉन्फ्रेस करने पहुंचे थे। वाकये के बाद टिकैत समर्थकों ने स्याही फेंकने वाले शख्स को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के समय टिकैत के सहयोगी नेता युद्धवीर सिंह भी मौजूद थे। इस मामले में बेंगलुरु पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इधर, अपने ऊपर फेंकी गई स्याही के बाद टिकैत ने कहा कि ये जिम्मेदारी यहां की पुलिस की है। पुलिस ने यहां सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया। पूरी तरह से सरकार की मिलीभगत से ये काम हुआ है।




**स्टिंग ऑपरेशन के वीडियो पर सफाई देने पहुंचे थे टिकैतः** दरअसल, टिकैत एक चैनल के स्टिंग ऑपरेशन के वीडियो पर सफाई देने पहुंचे थे। इस वीडियो में कर्नाटक के किसान नेता कोडिहल्ली चंद्रशेखर को पैसे मांगते हुए पकड़ा गया था। राकेश और युद्धवीर ये कहने पहुंचे थे कि वे इसमें शामिल नहीं हैं और धोखेबाज किसान नेता कोडिहल्ली चंद्रशेखर के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। इस दौरान जमकर मारपीट हुई। लोगों ने एक-दूसरे के ऊपर कुर्सियां भी फेंकी।

**हम स्याही से डरने वाले नहीं: किसान नेताः** टिकैत के मुताबिक स्याही फेंकने और हंगामा करने वाले किसान नेता चंद्रशेखर के समर्थक थे। किसान सभा के अध्यक्ष अवनीश पवार ने कहा- जो भी हुआ उसकी जांच होनी चाहिए। वहीं, किसान यूनियन के महासचिव सावित मलिक ने कहा कि किसानों पर तो लाठीचार्ज तक हुआ है।

## आज हर आम आदमी की आवाज है 'मोदी है तो मुमकिन : नड्डा

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्र सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोमवार को कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण मोदी सरकार की आत्मा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन आठ वर्षों में भारतीय राजनीति की संस्कृति और कार्यशैली को बदलने के साथ ही देश की संस्कृति की रक्षा का काम किया है। भाजपा मुख्यालय में जेपी नड्डा ने केंद्र सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर समेत कई वरिष्ठ मंत्री उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष ने नये भारत के शिल्पकार, मोदी सरकार इस थीम गीत का




लोकार्पण किया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि नड्डा ने कहा कि देश आज आजादी का अमृत महोत्सव भी मना रहा है और आज देश मोदी सरकार के 8 साल- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को भी मना रहा है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण, ये मोदी सरकार के काम करने का तरीका है, ये मोदी सरकार की आत्मा है। उन्होंने केंद्र सरकार के आठ साल के कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों में हमेशा इनोवेशन दिखाई देता है। इसी इनोवेशन के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नमो ऐप के तहत माइक्रोसाइट पर एक मॉड्यूल खड़ा किया है। यूथ इंडिया को इस माइक्रोसाइट के माध्यम से कौन से काम सरकार ने 8 साल की अवधि में किये हैं और उसकी सही जानकारी एवं उसको जानने के साथ साथ एक गेम की तरह खेलने का प्रयोजन इस वेबसाइट में किया गया है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय राजनीति की संस्कृति बदली है। सरकार के काम करने की शैली भी आज बदल गई है। पहले योजनाएं केवल कागज पर ही बनती थीं, लेकिन आज किसी भी योजना की घोषणा से लेकर उसके लागू होने तक उसकी लगातार मॉनिटरिंग की जाती है।

## यूपीएससी सिविल सेवाः श्रुति शर्मा ने किया टॉप

### इस साल सभी शीर्ष तीन पदों पर लड़कियों ने कब्जा किया

**नई दिल्लीः** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सोमवार को यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2021 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। इस साल सभी शीर्ष तीन पदों पर लड़कियों ने कब्जा किया है। श्रुति शर्मा ने पहला स्थान हासिल किया है। अंकिता अग्रवाल दूसरे और गामिनी सिंगला तीसरे नंबर पर रहीं। यूपीएससी ने नियुक्ति के लिए 685 उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की है। इनमें 244 सामान्य, 73 ईडब्ल्यूएस, 203 ओबीसी, 105 एससी और 60 एसटी वर्ग के उम्मीदवार शामिल हैं। श्रुति सेंट स्टीफंस कॉलेज और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की पूर्व छात्र हैं और जामिया मिलिया इस्लामिया आवासीय कोचिंग अकादमी में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। यूपीएससी सीएसई प्रारंभिक परीक्षा 10 अक्टूबर, 2021 को आयोजित की गई थी और परीक्षा का परिणाम 29 अक्टूबर को जारी किया गया था।



मुख्य परीक्षा 7 से 16 जनवरी, 2022 तक आयोजित की गई थी और परिणाम 17 मार्च, 2022 को घोषित किया गया था। साक्षात्कार परीक्षा का अंतिम दौर था जो 5 अप्रैल से शुरू हुआ और 26 मई को संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप

### दहेज के कारण ससुरालियों ने विवाहिता को भगाया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पांच लाख दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीट कर भगा दिए। विवाहिता ने पति सहित आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार नैनी के काजीपुर रोड जवाहर नगर 111/26/4ए निवासनीय शिल्पी गुप्ता पुत्री प्रेम चन्द्र गुप्ता की शादी मऊआइमा के ग्राम सुलतानपुर खास निवासी जीतेन्द्र कुमार गुप्ता के साथ 2020में हुई थी। शिल्पी गुप्ता का आरोप है कि शादी के बाद से दहेज के लिए पांच लाख की फरमाइश की जा रही थी। मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने उसे मार पीट कर भगा दिए। शिल्पी गुप्ता ने मऊआइमा थाने में पति जीतेन्द्र गुप्ता ,ससुर ओमप्रकाश, सास गुडडी देवी ,ननदें शालू ,ज्योति, वन्दना के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मार पीट कई घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी एक राय होकर घर में घुस कर मारे पीटे जिसमें कई को चोटें आयी है। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मानी उमरपुर निवासी मोहम्मद शोएब पुत्र जलालुद्दीन का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके विपक्षी एक राय होकर उसे और परिवार के सब्बीर ,सददुर को घर में घुस कर मारे पीटे । पुलिस ने सुलतान, इसरार, इफ्तखार, तौकीर मोहम्मद अयाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

# युवक की मौत पर परिजनों का हंगामा,लगाया जाम

**अखंड भारत संदेश**



युवक की मौत को लेकर सड़क पर जाम लगाये परिजन व ग्रामीण

**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। हादसे से नाराज लोगों ने मौके पर ही जाम लगा दिया। हालांकि जाम की सूचना मिलते ही शंकरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और समझाना चाहा, लेकिन परिजन नहीं माने और कई घंटे तक जिम्मेदार अधिकारियों का आने का इंतजार करते रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन-रात उक्त मार्ग पर भारी वाहन फरार्टा भरते रहते हैं।ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग से हर वक्त दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, लेकिन जिम्मेदार महकमा कोई कार्यवाही नहीं करता है।यह हादसा शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के टंडनवन में हुआ।

जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के बसहरा उपरहार का रहने वाला अजय कुमार पुत्र प्रभाकर किसी कार्य से बाहर गया था। वह टंडनवन से गुजर रहा था। इसी दौरान फरार्टा भर रहा एक ट्रैक्टर अजय को टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर लगने से अजय मौके पर ही गिर पड़ा और उसे अस्पताल ले जाने का भी मौका नहीं मिला। हादसे की सूचना मिलते ही रोते-बिलखते परिजन पहुंच गए और मौके पर ही जाम लगा दिया। शाम करीब 4 बजे नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, तब परिजन किसी तरह माने और जााम समाप्त किया। लोगों का कहना है उक्त मार्ग से भारी वाहन दिनरात फरार्टा भरते रहते हैं। इस वजह से यह हादसा हुआ। आए दिन हादसे होते रहते हैं। बावजूद इसके कोई कार्यवाही नहीं की जाती। फिलहाल सूचना पर पहुंची शंकरगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। इसके अलावा ट्रैक्टर को भी कब्जे में लेकर थाने भेज दिया गया है।

## जमीनी विवाद में मारपीट थाना कोरांव पुलिस को दी गई तहरीर

**लेडियारी।** कोरांव थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। सोमवार को सुबह में एक पक्ष के द्वारा पिलर निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिस पर दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध किया तो दोनों पक्ष के लोगों में मारपीट हो गई। बड़ोखर गांव निवासी राज नारायण द्विवेदी पुत्र रामदुलार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मैं अपने मकान के बगल में पिलर का निर्माण कार्य करा रहा था इसी बीच बैदेही प्रसाद पुत्र हीरालाल आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ गिरोह बंद होकर आए और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। दोनों पक्षों में हुई मारपीट में कई लोग जख्मी हो गए। हालांकि शिकायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। जमीनी विवाद को लेकर क्षेत्र में आएदिन छुटपुट घटनाएं व मारपीट हो रही है, किंतु तहसील प्रशासन मामले में कोई ठोस कारर्वाई नहीं करता है। जिससे आए दिन इस प्रकार की घटनाएं क्षेत्र में हो रही हैं। क्षेत्रीय लोगों ने तहसील प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जमीनी विवाद से जुड़े मामलों का निपटारा कराए जाने की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर आयोजित की संगोष्ठी



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर सभी पत्रकार संगठनों की सयुक्त संगोष्ठी श्री बद्रीनाथ इंटरमीडिएट कालेज मेजारोड प्रयागराज ने आयोजन किया गया। पत्रकारिता दिवस हर साल 30 मई को मनाया जाता है। दरअसल इसे मनाने की वजह यह है कि इसी दिन साल 1826 में हिंदी भाषा का पहला अखबार "उदन्त मार्तण्ड" प्रकाशित होने शुरू हुआ था। इसका प्रकाशन तत्कालीन कलकत्ता शहर से किया जाता है। कानपुर के पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे कलकता से एक साप्ताहिक समाचार पत्र के शुरू किया था। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय मे पत्रकारो ने अध्ययन की बजाय अपना धनोपार्जन की ओर कर लिया है। जोकि इसकी गिरावट का मूल कारण है। नवागत पत्रकारों को सदैव इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वे अपने सीनियर पत्रकारों का सदैव सम्मान करें।पत्रकारो को सत्ता की हां हजूरी से दूर रहना होगा। प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा गया हैं। और यह आम जनता की आवाज बनकर हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा हैं। संगोष्ठी आयोजन में मुख्य रूप से जय प्रकाश दुबे, अखिलेश मिश्रा, रवि कुमार गुप्ता, प्रेमा नन्द मिश्रा, जगदम्बा शुक्ला, नीरज पांडेय, विनोद विश्वकर्मा, रामकैलाश विश्वकर्मा, बाबा चाइना, अतुल तिवारी, अखिलेश यादव, पूनम जी, राकेश कुमार, धनंजय प्रजापति, अरुण विश्वकर्मा, अरविन्द सिंह, उमेश सोनी, राजेश विश्वकर्मा, संजय शर्मा गायक अध्यक्षता जगदम्बा प्रसाद शुक्ला और कार्यक्रम संचालक संगोष्ठी संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह सैकड़ो पत्रकार उपस्थित रहे।

### लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज में रंगोली बनाकर सुरक्षा अभियान के तहत किया गया जागरूक



**मेजा रोड।** सोमवार को शासन द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा प्रयागराज में प्राचार्य डॉ शिव प्रसाद विश्वकर्मा के निदेर्शानुसार यातायात नियमों से अवगत कराने हेतु महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस प्रतियोगिता में स्काउट ,गाइड, रोवर ,रेंजर के अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया निर्णायक मंडल में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ महेंद्र कुमार जायसवाल एवं डॉ रंजना गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन मिशन शक्ति समिति सदस्य श्रीमती विनीता गुप्ता द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अर्पिता, हेमलता द्वितीय स्थान पर तृप्ति, प्रिया एवं तृतीय स्थान पर प्रगति ,श्वेता रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षक गण एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की फेयरवेल कार्यक्रम में सूरज गौड़ ने अपनी आवाज का बिखेरा जलवा



**मेजा।** इलाहाबाद यूनिवर्सिटी मे फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के म्यूजिक डिपार्टमेंट में फेयर वेल फ्रेशर जो कि आरोह, अवरोह के नाम से जाना जाता है। जिसमें हिंदुस्तानी क्लासिकल संगीत और लोकगीत से जुड़े कलाकार प्रतिभाग करते हुए अपना प्रदर्शन देते हैं। इस दौरान कार्यक्रम में म्यूजिक डिपार्टमेंट के बीपी ए फर्स्ट ईयर के छात्र सूरज गौड़ के बाजे रे मुरलिया के धुन पर मौजूद लोग झूमने को मजबूर हो गये। मौजूद लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट से समूचा परिसर गुंजायमान हो उठा। सूरज गौड के परफारमेंस को लेकर लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बता दें कि सूरज गौड़ प्रयागराज के मेजा विधानसभा के सोरांव गांव के निवासी हैं, जो गायकी तथा गिटार में रुचि रखते हैं। सूरज ने कई स्टेज शो किए हैं। इस समय वह प्रयागराज के इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अपनी कला का प्रतिभा बिखेर रहे हैं। उनके इस स्टेज शो की लोगों ने खूब सराहना की और बधाई दिया। देखा जाए तो सूरज गौड़ की बचपन से ही गिटार, गायकी मे विशेष रुचि थी जिसको लेकर वह कई बार स्टेज शो कर लोगों के दिलों में अपनी आवाज से जगह बना चुके हैं। इस दौरान उनका साथ शिवम पांडे, सिद्धार्थ द्विवेदी, अखिलेश अज्ञान ने दिया।

### पत्रकार की माता के देहशांत पर शोक बैठक



**मऊआइमा।** मऊआइमा के वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार कौशल की माता का देहशांत होने पर सभी पत्रकारों में शोक व्यक्त की। इस अवसर पर संगी महल कस्बा मऊआइमा में पत्रकार अशोक कौशल की माता बनारसी देवी के निधन पर शोकसभा हुई। इस अवसर पर पत्रकार अशोक कौशल, डॉ. नदीम इंतेखाब, सईद अंसारी, अमर सिंह, राकेश मौर्य, अच्छे फैयाज, राजेश यादव, हसीन मुश्ताक, उबैदुल्ला अंसारी तथा जैनुल आबदीन मुन्ना मौजूद रहे। पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## अंध विश्वास या चमत्कार की उम्मीद....

# केले के पेड़ पर पिता-पुत्र के शव को किया प्रवाहित

**अखंड भारत संदेस**





मृतक पिता-पुत्र की फाइल फोटो

**करछना।** इस आधुनिक युग में लोग आज भी अंध विश्वास के साथ जी रहे हैं। लोगों को लगता है कि पौराणिक काल में जिस तरह मरने के बाद जिंदा होने की कहानी प्रचलित होती रही, उसी प्रकार आज भी वह प्रचलन जिंदा है। इसका जीता जागता उदाहरण नैनी कोतवाली क्षेत्र के भट्ठा गांव में देखने को मिल रहा है। सर्पदंश से पिता-पुत्र की मौत के बाद परिजनों ने चमत्कार की उम्मीद पाले रविवार को पिता-पुत्र के शव को केले के पांच पेड़ और मिट्टी के चार घड़े बांध कर में औद्योगिक क्षेत्र थाना के लवायनकला घाट पर गंगा में प्रवाहित कर दिया। उन्हें उम्मीद है कि एक न एक दिन दोनों जिंदा होंगे और अपने घर वापस आएंगे` बतादें कि भट्ठा गांव में रहने वाले बदलू के पांच बेटों में से चौथे नंबर के बेटे प्रकाश भारतीया(30) के तीन बेटों में सबसे छोटे बेटे अनमोल(04) को शुक्रवार की रात सर्प ने डस लिया। रात किसी निमंत्रण से घर लौटे प्रकाश को अनमोल ने सांप काटने की बात बताई। प्रकाश को उसकी बात पर विश्वास नहीं हुआ। थोड़ी देर बाद सांप से प्रकाश के हाथ में भी डस लिया। प्रकाश की भाभी अंजू भारतीय के मुताबिक सर्प काटने की जानकारी होने पर जिसके बाद प्रकाश अपने बेटे को अपने साथ लेकर दारागंज स्थित एक स्थान पर किसी तांत्रिक के शरण में झाड़फूंक के लिए पहुंचा।वहां से लौटते समय प्रकाश की आंखो के सामने अंधेरा छाने लगा। जिसके बाद दोनों को एसआरएन अस्पाल इलाज के लिए ले गए, चिकित्सकों ने प्रकाश को भर्ती कर लिया, जबकि अनमोल को चिल्ड्रेन अस्पताल भेज दिया। कुछ देर बाद एसआरएन से प्रकाश व चिल्ड्रेन से अनमोल को जवाद दे दिया गया। जिंदा होने के शक में परिजन दोनों को एम्बुलेंसे बलिया एक तांत्रिक के पास ले गए। उसकी विद्या भी काम न आयी और उसने भी जवाब दे दिया।

## तालाब के चारों तरफ आवादी के कारण तालाब में आने जाने का रास्ता हुआ बन्द

### जिला एवं तहसील प्रशासन नहीं कर रहा है रास्ते का इंतजाम

**लेडियारी।** क्षेत्र के कोरांव तहसील अन्तर्गत कई तालाबों के चारों तरफ घनी बस्ती बसी हुई है एवं ग्रामीणों द्वारा रास्ता बंद कर दिया गया है। जहां रास्ता दिया गया है वहां से पशुओं को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। जानकारी के अनुसार मन नरेगा द्वारा कई तालाबों की खुदाई कराई गई है और काफी धन सरकार का खर्च किया गया है तालाब में पानी तो काफी है लेकिन रास्ते को बंद करने से पशुओं एवं जंगली जानवरों को दर-दर भटकना पड़ रहा है।

प्रशासन का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए तालाब में पशुओं को गर्मी में पानी पीने हेतु व्यवस्था बनाये रखने की लोगों ने जिलाधिकारी प्रयागराज से मांग की है।

## ग्राम विकास अधिकारी का हुआ पदोन्नति सोरांव ब्लॉक में खुशी



**सोरांव।** ब्लाक के जिम्मेदार एवम वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार गौतम पुत्र जगन्नाथ का सोमवार को सरकार ने पदोन्नति कर सहायक विकास अधिकारी (उद्योग सेवा कर व्यवसाय) के पद पर होने से ब्लॉक के कर्मचारियों एवं अधिकारियों में खुशी का ठिकाना न रहा। सचिव गौतम ने अपने ब्लॉक में कार्यरत साथियों को मिठाई खिलाकर सभी का मुंह मीठा करवाए। गौरतलब है कि सोरांव ब्लॉक के वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी विजय कुमार गौतम का वरिष्ठता क्रम में 540 लोगों के पदोन्नति लिस्ट में 264 वें नंबर पर रहे। तथा सचिव गौतम ने बताया कि मैं सन 1999 में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर नियुक्ति हुआ। मेरी सबसे पहली पोस्टिंग प्रयागराज क्या उत्तर प्रदेश की सबसे बड़े ब्लॉक कौड़िहार के ग्राम पंचायत पीरदल्लू गांव में हुई थी। जहां पर मुझे विभिन्न पंचायतों का उक्त ब्लॉक में 6 वर्षो तक रहकर सेवा करने का मौका मिला। तथा उसके बाद 2 वर्षो तक बहरिया ब्लॉक में तथा 7 महीने तक होलागढ़ ब्लॉक में व करछना ब्लॉक में 9 माह तक सेवा करके का एक अच्छा अनुभव रहा। अब पिछले 2 वर्षो से सोरांव ब्लॉक में रहकर पूरी ईमानदारी से जनता की सेवा कर रहे है। वर्तमान में सोरांव ब्लॉक के मोहम्मदपुर नौगावाँ, बलकरनपुर तथा कृष्णापुर ग्राम पंचायतों में कार्यरत हूं। जहां पर ग्राम प्रधानों संग ग्राम के सभी सम्मानित लोगों का बहुत ही अच्छा योगदान रहा है। मेरी कोशिश यह रही है कि सरकार की जितनी भी योजना हो सभी गरीब और पात्र लोगों को निःशुल्क मिले। वहीं सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) के पद पर पदोन्नति होने से खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार यादव,ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी मिथलेश मिश्रा, ग्राम पंचायत अधिकारी मिथलेश कुमार, ग्राम सचिव मोहम्मद शाकिब, सचिव ऋतु प्रिया, सचिव अन्यपूर्णा शुक्ला, सचिव रिद्धि, ग्राम विकास अधिकारी अजय यादव, सचिव नरेंद्र सिंह,सचिव राजीव मौर्य, सचिव राम शिरोमणि तिवारी, सहित सभी सचिवगण एवम कार्यालय के कर्मचारीगण ने बधाई दिए।

## बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के डेराबारी गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब सुबह गांव के लोग शौच के लिए गए तो गांव के बाहर एक बगीचे में एक बृद्ध दिखाया दिया जब ग्रामीण नजदीक पहुंचे तो और देखा तो वह मृत पड़ा था। ग्रामीणों नें इसकी सूचना तत्काल ग्राम प्रधान डेराबारी बन्दना सिँह को दिया प्रधान नें इसकी सूचना लालापुर पुलिस को दिया जब तक पुलिस पहुँचती तब तक गांव व आस पास के ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो चुकी थी। थानाध्यक्ष शेर सिँह यादव नें बारी बारी से सभी लोगों को बुलाकर बृद्ध की पहचान कराया परन्तु पहचान नहीं हो सकी। पुलिस नें बुजुर्ग के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया खबर लिखे जाने तक शव का पहचान नहीं हो सका था।

# वट सावित्री का व्रत रख की अखंड सौभाग्य की कामना



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** ज्येष्ठ माह की कृष्णपक्ष की अमावस्या तिथि को सुहागन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रख अखंड सौभाग्य की कामना की। व्रती महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से वट वृक्ष की पूजा- अर्चना की। वट सावित्री व्रत को लेकर बाजारों में भी खासी चहल-पहल देखने को मिली। शहर में स्थित वट वृक्ष के आसपास पूजन-अर्चन के लिए महिलाओं की कतार लगी रही। ज्यादा भीड़ होने पर महिलाओं ने अपनी बारी आने का इंतजार भी किया। बताते चलें कि समीपवर्ती जनपद प्रतापगढ़ के कई क्षेत्रों में महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत 29 मई को ही रखा था। वट सावित्री व्रत (बरगदही अमावस, सोमवारी अमावस्या) के मौके पर संगम सहित ग्रामीणांचल में स्थित गंगा घाटों पर स्नान के लिए भी महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। गंगा स्नान के उपरांत महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की। वट वृक्ष (बरगद) के नीचे पुष्प, अक्षत, धूप, दीप, प्रसाद अर्पित किया और वटवृक्ष की 108 बार परिक्रमा कर वट सावित्री से अखंड सौभाग्य की कामना की। मान्यता है कि एक बार सत्यवान राजा की आयु पूरी होने पर यमदूत ने उनके प्राणों हर लिए। जानकारी होने पर सत्यवान की पत्नी सती सावित्री ने यमराज का रास्ता रोक लिया और अपने सतीत्व के बल पर अपने पति सत्यवानके प्राणों की रक्षा की। जिस प्रकार से सती ने अपने पति के प्राणों की रक्षा की, ठीक उसी प्रकार ज्येष्ठ मास की कृष्णपक्ष की अमावस्या तिथि को सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। इसीतरह यमुनापार के घूरपुर, जसरा, बारा, शंकरगढ़, नारीबारी आदि इलाकों में भी सुहागन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रख अखंड सौभाग्य की कामना की।



### पति की दीघार्यु के लिये सुहागिनो ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर की पूजा

**लालापुर।** जेष्ठ मास की अमावस्या को वट सावित्री के नाम से भी जाना जाता है । इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु की कामना के लिए व्रत रखते हुए वट वृक्ष की परिक्रमा कर वट वृक्ष की अनेक प्रकार से पूजा करती हैं। जेष्ठ मास की अमावस्या इस वर्ष सोमवार के दिन पड़ी । सोमवती अमावस्या होने के चलते कई गुना पुण्य की प्राप्ति को लेकर सुहागिन महिलाओं ने भोर से ही पूजा की थाली सजाकर अपने अपने नजदीक के वट वृक्ष के नीचे पहुंच गई । महिलाओं ने वट की परिक्रमा करते हुए विधि विधान से पतियों की सलामती के वट वृक्ष की पूजा अर्चना की ।

# व्यपारियों संग बैठक कर अधिशासी अधिकारी अतिक्रमण हटाने का सुनाया फरमान



**सिरसा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र नगरपंचायत सिरसा शिव गंगा वाटिका में अतिक्रमण हटाने के लिए बैठक किया गया। अतिक्रमण हटाने के लिए नगरपंचायत सिरसा का अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रसाद , चेरमैन श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) नगरपंचायत सिरसा, व्यपार मण्डल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश केशरी नगरपंचायत सिरसा, थाना अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह मेजा, के साथ बैठक किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया दोनो तरफ नाली हैं उसके ऊपर दुकानदारों ने अतिक्रमण किया है। बैठक में अधिशासी अधिकारी ने कहा की दुकानों के सामने समान रखकर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे रास्ता संकरा होता जा रहा है। अब यह नहीं चलेगा, व्यपारी स्वयं अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा नगरपंचायत और पुलिस बल प्रयोग कर इसे हटवाया जाएगा। सभी ब्यपरियो शासनादेश का अनुपालन करने की सहमति व्यक्त किया। और ब्यपरियो को पालथिन के प्रयोग की भी पूर्णतया बंद करने की अपील की, साथ ही पालथिन का प्रयोग करने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से व्यपारी गण और सभासद उपस्थित रहे जिसमे लक्ष्मी सेठ, बद्री केशरी,लखन केशरी,हरिचन्द वर्मा, राजू अग्रवाल, कल्लू केशरी, सुशील केशरी, अनिल कुमार यादव, मौज गिरि, अमित पटेल, ओंकार केशरी, कल्लू केशरी विनय यादव सभासद, मोनू मिश्रा सभासद, प्रकाश वर्मा सभासद, वैजनाथ अग्रहरि सभासद, चंदू वर्मा, दीपक सिंह, अंकित केशरी सभासद आदि लोग उपस्थित रहे।

## निवर्तमान प्रधान पतैंया के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया

**जंघई।** पतैंया ग्राम सभा के निवर्तमान प्रधान प्रवीण सिंह के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक का माहौल है। प्रवीण सिंह एवं इनके भाई, भाभी प्रधान पतैंया गांव के निर्वाचित हुए थे प्रवीण सिंह पिछले 4 महिने से कैंसर का इलाज वाराणसी, प्रयागराज, मुंबई में करवा रहे थे लेकिन अंततः शनिवार को उनका निधन हो गया।शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए क्षेत्र के तमाम लोग उनके निवास पर पहुंच रहे हैं जिसमें विधानसभा प्रतापपुर बसपा प्रत्याशी रहे इंजीनियर घनश्याम पांडेय शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रवीण सिंह के आकस्मिक निधन से उनकी व्यक्तिगत अपूर्णनीय क्षति हुई है मैं हमेशा परिजनों के साथ खड़ा हूं। पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर पुनीत पांडेय, जिला पंचायत सदस्य बृज कुमारी पांडेय, नागेंद्र प्रताप सिंह, चंदू तिवारी, डिंपी पांडेय, पिंटू मिश्रा प्रधान, इंदिल पांडेय, विकास यादव बीडीसी, विशाल मिश्रा आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

# भगवान कृष्ण ने बाल लीला के दौरान किया राक्षसों का उद्धार

**अखंड भारत संदेश**



बसमहुआ गांव में कथा सुनाते आचार्य देवव्रत जी महाराज

**सहसों।** क्षेत्र के चन्दरपुर उर्फ बसमहुआ गांव में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा व्यास आचार्य देवव्रत जी महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीला, रासलीला, रुकमणी विवाह एवं राक्षसों का उद्धार की सुंदर प्रसंग का श्रवण कराते हुए कहा कि भगवान श्याम सुंदर ने अपने बाल सखाओं के साथ गायों को चराना, गांव की गोपिकाओं के घरों में दूध दही, माखन चुराकर खाना, मक्खन से भरी हुई मटकियों को फोड़कर गोपीकाओं को खिझाना सहित अन्य बाल लीलाओं में भगवान कृष्ण ने कंस द्वारा भेजे गए अकासुर, बकासुर तथा अन्य राक्षसों का उद्धार किया। कथा व्यास ने कहा भगवान ने गोकुल में बह रही यमुना नदी में घुसकर कालिया नाग का मर्दन किया कालिया नाग गोकुल छोड़कर भाग गया। गोपिकाओं के साथ महारास रचाते मथुरा नरेश कंस का बध कर उसका मान मर्दन किया तत्पश्चात महाराज उग्रसेन एवं वसुदेव माता देवकी को कारागार से मुक्ति दिलाई। तथा अष्टावक्र जैसे आत्माओं का भी जीवन उद्धार किया। कथा व्यास ने कृष्ण और रुक्मिणी विवाह का कथा सुनाते हुए कहा कि विदर्भ राजकुमारी लक्ष्मी की अवतार देवी रुक्मिणी को हरण कर उनसे विवाह रचाया परन्तु विदर्भ के राजकुमार रुक्मी नहीं चाहता था कि रुक्मिणी का विवाह कृष्ण से हो वह तो राजकुमार शीशूपाल से देवी रुक्मिणी का विवाह कराना चाहता था। सो माता लक्ष्मी की अवतार देवी रुक्मिणी अपने नारायण से कहां दूर रह सकती हैं जिससे भगवान नारायण कृष्ण और देवी रुक्मणी का विवाह संपन्न हुआ। कथा व्यास ने कहा कि जो भी मनुष्य धन अर्थात लक्ष्मी को अपनी कमाई का कुछ भाग प्रभु के काम में नहीं लगाता है वह धन किसी न किसी प्रकार खर्च हो ही जाता है, हर व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए कि अपने कमाई का एक चौथाई अंश प्रभु के काम में, दान पुण्य में, परमार्थ में अवश्य सदुपयोग में लगाना चाहिए। जिससे लक्ष्मी नारायण प्रश्न होते हैं और भक्तों के ऊपर स्वयं ही अपनी कृपा बरसाते हैं। कथा पंडाल में उपस्थित श्रोता भक्त नर नारियों ने भगवान की बाल लीला, रासलीला, रुक्मिणी विवाह एवं राक्षसों का उधार की कथा सुनकर अति आनंदित होकर कथा के दौरान बीच-बीच में राधे-राधे एवं भगवान के जयकारे लगाते रहे। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान अशोक कुमार तिवारी एवं गायत्री तिवारी ने कथा व्यास पीठ, भागवत महापुराण यज्ञ शाला एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी। तत्पश्चात उपस्थित भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया। कथा श्रवण करने वालों में शोभा लाल तिवारी, जीतेन्द्र तिवारी, संतोष तिवारी, योगेश तिवारी, चिंतामणि शुक्ला, राजेन्द्र पांडे, कृष्ण चन्द्र पांडे, शंभू नाथ तिवारी, विजय कुमार तिवारी एडवोकेट, वकील तिवारी, भारत लाल मौर्य, मुन्नीलाल मौर्य, शिवा त्रिपाठी, हरी राम त्रिपाठी, दुर्विजय सिंह, राजेन्द्र केसरवानी, अशोक पांडे, कृष्ण बल्लभ दिवेदी, उमाकांत शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला सहित भारी संख्या में श्रद्धालु श्रोता पहुंचकर कथा का रसपान किया।

## खबर संक्षेप

### डायमंड जुबली छात्रावास में खाली कराए 132 कमरे

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डायमंड जुबली छात्रावास में पिछले दो साल से अवैध रूप से रह रहे छात्रों को बाहर किया गया। 132 कमरे खाली कराकर मौके पर 61 छात्रों को कमरा आवंटित किया गया। यह कार्रवाई छात्रावास के संरक्षक प्रो. वीके राय व अधीक्षक डॉ. विनम्र सेन सिंह के नेतृत्व में हुई। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसबल मौजूद रहा।

**एलॉटमेंट अवधि पूरी होने के बाद भी नहीं खाली कर रहे थे कमरा**

अधीक्षक डॉ. विनम्र सेन सिंह ने बताया कि अवैध रूप से कमरों में रह रहे लोगों को नोटिस दी गई थी। जब नोटिस के बाद भी कमरे नहीं खाली हुए तो यह कार्रवाई की गई। इन सभी की कमरों के एलॉटमेंट की अवधि पूरी हो गई थी। खाली कराए गए कमरों में छात्रावास का ताला लगा दिया गया है। ऐसे कमरे जो आज की कार्यवाही में कब्जा मुक्त कराए गए उनकी संख्या 132 है।इसके अलावा जिन छात्रों को छात्रावास आवंटित किया गया है उन्हें डीएसडब्लू द्वारा जारी लिस्ट के अनुसार कमरे आवंटित कर दिए गए हैं। शेष कमरों को जल्द ही डीएसडब्ल्यू द्वारा जारी सूची के अनुसार आवंटित कर दिए जाएंगे।

# मण्डलायुक्त ने की मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक

## विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 457 लाख रुपए के ऋण स्वीकृत पत्र तथा टूलकिट का किया गया वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को गांधी सभागार में मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने उद्यमियों की समस्याओं को एवं उनके लम्बित आवेदन पत्रों को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने के निर्देश सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिए है। मण्डलायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि अनापत्ति प्रमाणपत्र भी निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत निर्गत किए जाए। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों/समस्याओं को निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत निस्तारित करने तथा एमएसएमई विभाग की 100 दिन की कार्ययोजना के अन्तर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र नैनी में जल निकासी की समस्या उठाये जाने पर मण्डलायुक्त ने यूपीएसआईडीसी तथा नगर निगम को आपसी समन्वय बनाते हुए नालियों की साफ-सफाई नियमित रूप से कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने विद्युत विभाग को उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित करने का निर्देश दिया है। औद्योगिक क्षेत्र नैनी में स्ट्रीट लाइट, शुद्ध पेयजल, सार्वजनिक शौचालय एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने का भी निर्देश दिया है।बैठक के पूर्व मण्डलायुक्त के द्वारा मण्डल के जनपदों से आयें हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 457 लाख रू0 का ऋण पत्र एवं टूलकिट का वितरण भी किया गया। जनपद प्रयागराज के प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगारा योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना के कुल 13 लाभार्थियों को, जनपद फतेहपुर के प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के कुल 5 लाभार्थियों को, जनपद कौशाम्बी के कुल 4 लाभार्थियों को तथा जनपद प्रतापगढ़ के प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत कुल 4 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत पत्र वितरित किया गया। इसके साथ ही साथ विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया गया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त उद्योग श्री सुधांशु तिवारी, मुरारी लाल अग्रवाल, संतोष त्रिपाठी तथा उद्यमी जीएस दरबारी सहित अन्य उद्यमीगण एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



मंडलीय समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त


लाभार्थियों को चेक सौंप दें मंडलायुक्त

### प्रमोद तिवारी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाने पर मना जश्न

**प्रयागराज।** कांग्रेस पार्टी की ओर से सीडब्ल्यूसी सदस्य प्रमोद तिवारी को राज्यसभा के लिए अधिकृत प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद सोमवार को उनके सिविल लाइन्स एल्गिन रोड स्थित आवास पर जमकर जश्न मनाया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने उनके आवास के बाहर जमकर आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। कांग्रेस से जुड़े विभिन्न संगठनों ने प्रमोद तिवारी को प्रत्याशी घोषित किए जाने का स्वागत किया है। वहीं सोमवार शाम को जीरो रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी और सुरेश यादव की अध्यक्षता में बैठक की गई। पार्टी दफ्तर में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और उनके शुभचिंतक जुटे। बैठक के दौरान पार्टी नेताओं ने प्रमोद को राजस्थान से राज्यसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। प्रदेश महासचिव मुकुन्द तिवारी ने कहा कि प्रमोद तिवारी राज्यसभा में यूपी की आवाज बनकर उभरेंगे। कांग्रेस के जिला प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया कि पार्टी द्वारा प्रमोद तिवारी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाने से यूपी का मान पूरे देश मे बढ़ेगा।इस दौरानः पूर्व विधायक विजय प्रकाश, सुधाकर तिवारी, श्यामकृष्ण पाण्डेय, प्रदीप मिश्रा अंशुमन, हसीब अहमद, नफीस अनवर, अनिल पाण्डेय, तलत अजीम, फुजैल हाशमी, गौरव पाण्डेय, हरिकेश त्रिपाठी, किशोर वार्ष्णेय, अजय श्रीवास्तव, तस्लीम उद्दीन, उदय यादव, मनोज पासी, राजेश राकेश, मंजू संत, सिद्धनाथ मौर्य, मो. सहाब, मो. हसीन समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# ननिहाल आए दो सगे भाइयों की गंगा में डूबने से मौत, मचा कोहराम


गंगा में डूबे वे बच्चों के छानबीन में लगी पुलिस


बदहवास अवस्था में डूबे हुए बच्चों के परिजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धूमनगंज के भागलपुरवा गांव के पास नहाते वक्त दो मासूम सगे भाई आयुष(14) व निर्मल दुबे(11) गंगा नदी में डूब गए। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची लेकिन जब तक दोनों को निकाला जाता, उनकी मौत हो चुकी थी। दोनों बच्चे कुछ ही दिन पहले छुट्टी पर अपनी मां के साथ नोएडा से धूमनगंज स्थित ननिहाल में आए थे। घटना से परिवार में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया, ऐसे में लिखापढ़ी के बाद शव सौंप दिए गए।विमलेश कुमार मिश्र धूमनगंज के गंगा विहार कॉलोनी के रहने वाले हैं। उनकी बेटी निशा की शादी अरविंद कुमार दुबे से हुई है जो नोएडा में सिविल इंजीनियर हैं। परिवार गाजियाबाद के लोनी में रहता है। छुट्टियां होने निशा कुछ दिनों पहले ही अपने दोनों बेटों आयुष व निर्मल को लेकर पिता के घर आई थीं। सोमवार सुबह वह अपनी बहन अंजू व उसके दो बच्चों अमन व गुड्डू के साथ अपने दोनों बेटों को लकर भागलपुर गांव के पास गंगा नदी में नहाने पहुंच गई।नहाते वक्त ही निर्मल अचानक गहराई में जाकर डूबने लगा। यह देख आयुष उसे बचाने के लिए बढ़ा तो वह भी गहरे पानी में चला गया। दोनों को डूबता देख मां व मौसी ने शोर मचाया लेकिन देखते ही देखते वह पानी में समा गए। उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग जुट गए और फिर सूचना पर धूमनगंज पुलिस पहुंच गई। जानकार पर जल पुलिस को भी बुलवाया गया।

**घंटे भर की मशक्कत के बाद खोजा जा सका शव :** करीब एक घंटे बाद जल पुलिस के जवान पहुंचे और फिर दोनों बच्चों की तलाश शुरू की गई। करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद पहले निर्मल और फिर कुछ देर बाद आयुष को बाहर निकाल लिया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। धूमनगंज एसओ राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। ऐसे में लिखापढ़ी के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया।

**मौसेरे भाई को बचाने में डूबे :** प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों भाई अपने मौसेरे भाई अमन(5) को बचाने के चक्कर में गहराई में जाकर डूब गए। दरअसल चारों बच्चे एक साथ नहा रहे थे तभी अमन गहराई में चला गया। यह देख निर्मल और आयुष उसे बचाने के लिए बढ़े। उन्होंने अमन को तो हाथ पकड़कर बाहर निकाल लिया लेकिन खुद गहराई में चले गए और देखते ही देखते नदी में डूब गए। घटना के बाद अमन व उसका भाई गुड्डू भी सदमे में दिखे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022–23 मे ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यो में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 31–05–2022 से दिनांक 13–06–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत डीहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक14–06–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 14–06–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | सालिड लिक्विड मैनेजमेन्ट के अंतर्गत रिसालिंग सेन्टर S.L.W.M. एवं शौचालय निर्माण | 5.00 लाख | 2 माह |
| 2. | शोकपीट 10 नग | 1.60 लाख | 2 माह |
| 3. | खाद्य गड्ढा 2 नग | 32400(हजार में) | 2 माह |
| 4. | ई रिक्सा | 2.25 लाख | |

प्रेम चन्द
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

शिव ओम चौधरी
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


### नाबालिग के साथ दुराचार का ओरपी दोषमुक्त

**प्रयागराज।** पांच वर्ष की नाबालिग बच्ची के साथ दुराचार करने के आरोपित सिराजु शेख को न्यायालय में दोषमुक्त कर दिया और नैनी जेल अधीक्षक को आदेशित किया यदि और किसी मामले में वांछित न हो तो उसको तत्काल रिहा किया जाए। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट वीरभद्र ने अभियोजन प्रपत्रों और साक्ष्यों के अवलोकन के बाद आरोपित को दोषमुक्त किया।विशेष लोक अभियोजक विनय त्रिपाठी और सविता पाठक ने अदालत में सात लोगों का शपथ पूर्वक बयान दर्ज कराया था। तीन सितंबर 2018 को थाना करेली में पीड़िता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था आरोप था कि पड़ोस का रहने वाला आरोपित सिराजु उसकी उसकी पांच वर्षीय पुत्री को बहला.फुसलाकर कछार के जंगल की तरफ ले गया और उसके साथ गंदी हरकत करने लगा।

### कोरोना में अनाथ हुए बच्चों को मिली पीएम केयर फंड से सहायता

**प्रयागराज।** कोरोना काल में माता–पिता को खोने वाले बच्चों को सोमवार को प्रधानमंत्री केयर फंड से सहायता राशि दी गई। जिले के 12 बच्चों को पीएम केयर फंड से 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। सभी को 10 लाख रुपये अपलोड हुई पासबुक दी गई। इसके साथ ही आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपये के बीमा का प्रमाणपत्र भी दिया गया। लखनऊ में हुए कार्यक्रम का यहां पर सजीव प्रसारण किया गया। यह राशि उन बच्चों को दी गई, जिनके माता पिता दोनों का निधन महामारी से हो गया था। आगे पढ़ाई के लिए इन्हें 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का ऐलान किया गया था। यह राशि सोमवार को दी गई।

### आर्मी हवलदार की इलाज के दौरान मौत

**फाफामऊ।** थाना क्षेत्र के कोड़सर गांव निवासी हरिश्चंद्र यादव उम्र 33 वर्ष पुत्र विजय बहादुर यादव आर्मी कोर सिग्नल बमरौली में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। विगत 3 दिन पहले इनकी तबीयत अत्यधिक खराब हो जाने के कारण लखनऊ आर्मी हॉस्पिटल तेलीबाग में इलाज चल रहा था। जहां पर रविवार की दोपहर इनकी मौत हो गई। आर्मी के सैन्य अफसरों की टीम इनके शव को लेकर रविवार की शाम कोड़सर पहुंचे तो वहां पर कोहराम मच गया। रविवार की शाम फाफामऊ घाट पर इनका अंतिम संस्कार किया गया 10 अफसरों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया पिता विजय बहादुर बनारस में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं इनकी पत्नी पुष्पा देवी को एक लड़की 7 वर्ष व एक लड़का 5 वर्ष का है।

# एसएसपी ने रवाना किया निगरानी दस्ता, अपराधियों की होगी खोज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बाहुबली माफिया अतीक अहमद भले ही जेल में कैद हो लेकिन उसके गुर्गों की तलाश जारी है। प्रयागराज पुलिस की ओर से अतीक के करीबियों की कुंडली खंगाली जा रही है। एसएसपी अजय कुमार की ओर से विशेष पहल शुरू की गई है। एसएसपी ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर इस पहल की शुरूआत की। इसमें अपराधियों की खोज होगी और उनका पूरा रिकार्ड खंगाला जाएगा। पुलिस 227 गैंग पर फोकस करेगी जो अतीक अहमद से जुड़ा हुआ है। एसएसपी ने सुभाष चौक से निगरानी दस्ता को हरी झंडी देकर रवाना किया।

**अपराधियों की सूची तैयार करेगी पुलिस :** एसएसपी अजय कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया इस अभियान में हमने तेज तर्रार पुलिसकर्मियों को लगाया है। यह टीम प्रतिदिन 12 घंटे काम करेगी और रात आठ बजे पुलिस लाइंस में एसएसपी को पूरी रिपोर्ट देगी। यह पूरा रिकार्ड पुलिस के पास जमा होगा। यह भी देखा जाएगा कि अपराध से जुड़ा कौन व्यक्ति अब नहीं है, या है तो वह वर्तमान में कर क्या रहा है। गैंग व आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के बारे में बताया लगाया जाएगा। अपराधियों का पूरा विवरण पुलिस के रिकार्ड में ऑनलाइन रहेगा। अपराध को कम करने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। लगातार फरार चल रहे अपराधियों को गिरफ्तार भी किया जाएगा।


निगरानी दस्ते को समझाते एसएसपी

**अपराधियों की मदद करने वाले भी रडार पर :** एसएसपी ने बताया कि यह अभियान 15 दिन तक जिले भर में चलेगा। अपराधियों की मदद करने वाले लोग भी पुलिस की नजर में रहेंगे। जो अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं उनके पास अवैध संपत्ति कितनी है? गाड़ी कितनी है, बैंक में रुपये कितने हैं यह सब भी पता लगाया जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत देवरी कलां वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022–23 मे ग्राम पंचायत देवरी कलां विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यो में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 31–05–2022 से दिनांक 14–06–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत देवरी कलां में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक15–06–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 15–06–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर खुदाई का कार्य तालाब संख्या 406 मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अंतर्गत कार्य | 28.00 लाख | 2 माह |
| 2. | राम प्रवेश के घर से भीम सेन के घर तक इंटरलाकिंग मरम्मत कार्य | 2.00 लाख | 2 माह |
| 3. | महारानी चौरा से भुनेश्वर गुप्ता के घर तक इंटरलाकिंग मरम्मत कार्य | 4.00 लाख | 2 माह |
| 4. | गुलजारी के घर से रंग लाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 1.50 लाख | 2 माह |

कमला देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवरी कलां
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

राम सकल
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवरी कलां
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


## बुलडोजर चलने के बाद नाटकीय ढंग से हत्यारोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** फाफामऊ के रूदापुर हत्याकांड का मुख्य आरोपी खुर्शीद अहमद सोमवार को नाटकीय ढंग से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का दावा है कि उसे रंगपुरा, फाफामऊ से पकड़ा गया। साथ ही उसके कब्जे से एक पिस्टल व तीन कारतूस बरामद किया गया। लेकिन चर्चा यह भी रही कि घर पर बुल्डोजर चलने के बाद उसने रात में ही पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया था।पकड़ा गया खुर्शीद मामले में नामजद कराए गए चार आरोपियों में से एक है। घटना में उसके दो भाई जैद व जावेद भी नामजद हैं। एक दिन पहले ही चारों आरोपियों पर पुलिस ने 25-25 हजार का इनाम घोषित किया था।पुलिस ने बताया कि उसका लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है। उस पर कुल आठ मुकदमे पहले से दर्ज हैं। इसमें हत्या के साथ ही गुंडा एक्ट का भी मामला शामिल है। एक दिन पहले ही जिला प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने उसके रूदापुर गांव स्थित घर पर बुल्डोजर चलवाया था। सूत्रों का कहना है कि रात में ही खुर्शीद ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया था।

# नगर पंचायत प्रशासन ने तपेदिक रोगियों को बांटा पुष्टाहार

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ प्रशासन ने गोद लिए हुए तपेदिक रोगियों को पुष्टाहार का वितरण किया। इसमें प्रत्येक रोगी को मूंगफली, भुना हुआ चना, गुड़, सत्तू, सोयाबीन और हेल्थ पाउडर प्रदान किया गया। नगर पंचायत प्रशासन ने क्षेत्र के कुल दस लोगों को गोद लिया है। नपं द्वारा प्रत्येक माह गोद लिए हुए लोगों को पुष्टाहार प्रदान किया जाता है। यह क्रम छह माह तक अनवरत चलता रहेगा। देश को क्षय रोग से मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में नगर पंचायत शंकरगढ़ द्वारा पवन कुमार पुत्र कमलेश हरि (निवासी वार्ड संख्या एक, चिकान टोला), मानसी उर्फ आंचल गुप्ता पुत्री राकेश कुमार गुप्ता (वार्ड संख्या नौ, पटेलनगर), दुर्गावती पत्नी रामखेलावन आदिवासी (वार्ड संख्या एक, चिकान टोला), धर्मेंद्र आदिवासी पुत्र लल्लू आदिवासी (हिनौती पांडेय), करन वर्मा पुत्र दिलीप कुमार वर्मा (तालापार), दादूलाल आदिवासी पुत्र केदार ( पानी की टंकी, शिवराजपुर), रमेश कुमार पुत्र राम अवतार कुचबंधिया (वार्ड संख्या चार धरमनगर), सुनील आदिवासी पुत्र श्यामलाल आदिवासी (गाढ़ा कटरा), मुकेश कुमार पुत्र मोहनलाल (कल्याणपुर) और कालीचरन पुत्र रामदास आदिवासी (बुंदाया लखनपुर) को गोद लिया गया है।गोद लिए हुए लोगों को पुष्टाहार वितरित करते हुए चेयरमैन लल्लू कनौजिया ने कहा कि सभी लोग दवाओं का सेवन समय से करें। दवाओं के बीच में न छोड़ें, यदि दवा लेने में किसी कारणवश गैप हो जाए तो तत्काल अपने डाक्टर से सलाह लें। इस मौके पर ईओ सत्येंद्र प्रकाश,लिपिक प्रदीप कुमार, प्रियंका गौतम, मनीष कुमार केसरवानी, दीपू शुक्ला समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



### दुष्कर्म के आरोपी को आठ वर्ष की सजा

**प्रयागराज।** गूंगी बहरी लड़की से दुराचार करने के आरोपित गुलाम को जिला न्यायालय ने आठ वर्ष सात महीने 10 दिन की सजा और एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अपर सत्र न्यायधीश एफटीसी सुभाष चंद्र मौर्य ने सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मृत्युंजय त्रिपाठी के तर्कों को सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के अवलोकन के बाद फैसला सुनाया। आरोपित के अधिवक्ता ने अदालत से कहा कि आरोपित ने अपराध कारित किए जाने की बात स्वेच्छा से माना है इसलिए उसे कम से कम दंड से दंडित किया जाए। 19 अक्टूबर 2013 को थाना सोरांव में वादिनी ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री जो गूंगी और बहरी है। घर में अकेला पाकर पड़ोस का रहने वाले गुलाम ने उसके साथ दुराचार किया।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत : नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल के समीप रविवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो सकी।

# प्रमोद तिवारी के राजस्थान से राज्यसभा सदस्य की उम्मीदवारी को लेकर कार्यकर्ता में खुशी

## सोनिया, राहुल तथा प्रियंका का कार्यकताओं ने जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीडब्ल्यूसी मेंबर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी के राज्यसभा मे पार्टी उम्मीदवार बनाए जाने की जानकारी होते ही सोमवार को रामपुर खास जश्न मे डूब उठा दिखा। वहीं प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के समर्थको के चेहरे भी हर कोने मे खिले नजर आये। विधायक मोना के लालगंज नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर सुबह से ही जश्नी माहौल बन उठा। वहीं तहसील परिसर मे भी वकीलों ने प्रमोद तिवारी के राज्यसभा सदस्य के दोबारा निर्वाचित होने की जानकारी पर जमकर खुशी का इजहार किया।

लालगंज, सांगीपुर, अठेहा, उदयपुर, मंगापुर, रानीगंज कैथौला, जलेशरगंज, अमावां मे जश्न मे डूबे कार्यकताओं ने खुशी मे लडडू बांटे तो जमकर आतिशबाजी का भी नजारा कांग्रेसी खेमे मे देखने को मिला। लालगंज मे कैम्प कार्यालय पर भारी तादात मे जुटे कार्यकताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और खुशी मे नाचते गाते कैम्प कार्यालय से इंदिरा चैक पहुंचे। यहां कांग्रेसियो ने पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रमोद तिवारी के राज्यसभा मे भेजे जाने के फैसले को लेकर कार्यकताओं ने सोनिया गांधी तथा प्रियंका गांधी व राहुल गांधी का आभार भी जताया। इसके बाद मगन कार्यकर्ता बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचे। यहां कार्यकताओं व समर्थकों ने बाबा का दर्शन पूजन कर प्रसाद चढ़ाया। समर्थकों ने मंदिर परिसर मे मौजूद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर बाबा के जयकारे लगाये। उधर कुम्भीआइमा मे सबाना बाबा की मजार पर भी प्रमोद तिवारी की सियासी सफलता की खुशी मे चादरपोशी हुई। तहसील मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश, पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, विकास मिश्र, शहजाद अंसारी, विजय कुमार तिवारी, शेष तिवारी, अजय शुक्ल गुडडू, केबी सिंह, संतोष पाण्डेय आदि ने साथी वकीलों का मुंह मीठा कराया। कैम्प कार्यालय पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी व ब्लाक प्रमुख अमित सिंह तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी के संयोजन मे हुई कार्यकताओं की बैठक मे प्रमोद तिवारी को राजस्थान से पार्टी उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर शीर्ष नेतृत्व के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक का संचालन केडी मिश्र ने किया। यहां प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय ने कार्यकताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया।



प्रमोद तिवारी की उम्मीदवारी की खुशी मे लालगंज मे निकले मगन कार्यकर्ता।

## इंदिरा भवन पर कांग्रेसियों ने मनाई खुशियां

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी इन्दिरा भवन पर कांग्रेसजनों की बैठक जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी जिसका संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। बैठक में कांग्रेसजनों ने सी0डब्ल्यू0सी0 मेबर पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी को राजस्थान से राज्यसभा का टिकट दिये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को कांग्रेसजनों ने बधाई दी। बैठक में वेदान्त तिवारी, प्रशान्त देव शुक्ल, डॉ0 नीरज तिवारी, कपिल द्विवेदी, आशुतोष तिवारी, मकरन शुक्ल, श्यामशंकर तिवारी, मोनू मिश्रा, विश्वास सिंह, दिलीप गौतम, योगेश यादव आदि लोगो ने बधाई दिया।

## अरखा रजबहा में पानी नदारद कैसे पड़े धान की नर्सरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** एक तरफ प्रदेश की केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को किसान सम्मान निधि का दर्जा देकर उनके खाते में पैसा भेज रही है ताकि किसान समय समय पर अपनी खेती कर सके जिससे पैसे के अभाव में परेशानी न हो तो दूसरी तरफ नहर सिचाई विभाग किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहा है जिससे अभी तक विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत अरखा रजबहा व परियावां, अदलाबाद माइनर में पानी न छोड़े जाने से किसानों के लिए धान की नर्सरी डालना किसानों के लिए मुसीबत बना हुआ है।

## हौदेश्वरनाथ धाम में गंदगी फैलने से मैली हो रही गंगा

### आंख मूंदे हुए हैं जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** राम तेरी गंगा मैली हो गई पापियो के पाप धोते धोते हिंदी पिक्चर का गाना हौदेश्वरनाथ धाम गंगा मईया पर फिट बैठ रहा है, जहां पर गंगा की सफाई एवं स्वच्छता के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार गंगा स्वच्छ मिशन का अभियान चला कर पानी की तरह पैसा खर्च कर रही है फिर भी कुंडा तहसील क्षेत्र के हौदेश्वर नाथ धाम का गंगा घाट पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिस पर कुंडा तहसील शासन प्रशासन एवं जिम्मेदार जन प्रतिनिधियो का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है।

गंगातट किनारे कूड़ा कचरा की निस्तारण वैकल्पिक व्यवस्था न होने की वजह से गंगाघाट के आस पास गन्दगी का साम्राज्य फैला हुआ है उसी गन्दगी के आस पास श्रद्धालु स्नान करते है। श्रद्धालुओं द्वारा गंगाघाट पर फूल, पालीथीन, प्लास्टिक बोतल एवं अन्य पूजा सामग्री फेंक देते हैं।जो गंगा घाटों को गन्दा करने के साथ ही गंगा जल को भी प्रदूषित कर रहे हैं।इसकी साफ सफाई न होने से कूड़ा कचरा दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है।यदि जल्द ही घाट किनारे कूड़ा करकट की सफाई नही की गई तो सारा कूड़ा करकट वारिश होने व बाढ़ आने पर सारी गन्दगी गंगा के पानी मे समा जाएगी और गंगा स्वच्छ निर्मल की पोल सामने दिखाई देने लगेगी और सरकार की मिशन गंगा निर्मल धारा मैली होती दिखाई देगी।



पालीथिन व गंदगी से पटा गंगा का किनारा।

## पति की लंबी उम्र के लिए व्रती सुहागिनों ने वट सावित्री माता की किया पूजा

### प्रसाद के अलावा सोलह श्रृंगार सामग्री किया अर्पित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में महिलाओं ने वट सावित्री की विधि-विधान से पूजा की। पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए व्रती सुहागिनों ने बरगद की पूजा की। इस बार सोमवती अमावस्या और शनि जयंती का विशेष संयोग है। वट सावित्री की पूजा के लिए सूर्योदय के साथ ही बरगद के वृक्ष के नीचे सुहागिन जुटना शुरू हो गई थीं। बरगद के तने को कच्चे सूत (धागा) से लपेट कर व्रत रखने वाली महिलाओं ने 7 या 21 बार परिक्रमा की। व्रती महिलाओं ने हलवा-पूड़ी, गुड़, भिगोया चना, आटे से बनी मिठाई, कुमकुम, रोली, पांच प्रकार के फल, पान का पत्ता, धूप, घी का दीया और जल वट वृक्ष की जड़ पर अर्पित किया। मान्यता है कि इस व्रत को रखने से पति पर आए संकट चले जाते हैं। आयु लंबी हो जाती है। अगर दांपत्य जीवन में कोई परेशानी चल रही हो तो वह भी इस व्रत से दूर हो जाते हैं। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए इस दिन वट यानी कि बरगद के पेड़ के नीचे पूजा-अर्चना करती हैं। इस दिन सावित्री और सत्यवान की कथा सुनने का विधान है। मान्यता है कि इस कथा को सुनने से मनोकामना पूरी होती है। पौराणिक कथा के अनुसार सावित्री मृत्यु के देवता यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले आई थीं।



बरगद के वृक्ष की पूजा अर्चना करती सुहागिनें।

## किशोरी के अपहरण पर चार के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण व धमकी की घटना को लेकर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मटियारा अगई गांव की राकेश वर्मा की पत्नी केवला देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती अटठाईस मई की रात्रि उसकी पन्द्रह वर्षीया पुत्री को गजा का पुरवा पूरे सेवकराय गांव का शिवकुमार पटेल पुत्र हरिश्चंद्र पटेल बहलाफुसलाकर कहीं भगा ले गया। खोजबीन के दौरान जानकारी होने पर पीड़िता ने आरोपित के घर पहुंचकर पूछताछ किया। इस पर आरोपित शिवकुमार के पिता हरिश्चंद्र पटेल तथा परिवार के केशलाल वर्मा और उनकी पत्नी प्रर्मिला देवी ने पीड़िता को जानलेवा धमकी भी दी। घटना को लेकर पीडिता ने उन्तीस मई को पुलिस को तहरीर दी। जांच के बाद कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर शिवकुमार पटेल समेत चार के खिलाफ अपहरण व धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

## पत्रकारिता अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को किया करती है संरक्षित: एसडीएम

### पत्रकारिता उन्नयन पर संगोष्ठी व लेखनी सम्मान का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पत्रकारिता दिवस पर सगरा सुंदरपुर के शुक्ला मार्केट मे भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के तत्वाधान मे आयोजित पत्रकारिता उन्नयन संगोष्ठी व लेखनी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यअतिथि एसडीएम लालगंज अरूण सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

एसडीएम अरूण सिंह ने अपने संबोधन मे कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षक पत्रकारिता के योगदान मे ही संरक्षित है। उन्होनें पत्रकारों से सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिवेश को सुदृढ़ बनाने मे योगदान को और मजबूती देने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि सीओ रामसूरत सोनकर ने पत्रकारिता को सरकार तथा प्रशासन व जनता के बीच नीतियों का समन्वय करने वाला आधार स्तम्भ ठहराया। प्रारम्भ मे कार्यक्रम के संयोजक संजय शुक्ल ने पत्रकारिता के ध्येय पर प्रकाश डालते हुए संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन रखा। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संचालन उमेश तिवारी ने किया। आभार प्रदर्शन विकास मिश्र ने किया।

कार्यक्रम के दौरान संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश समेत साहित्य तथा पत्रकारिता व समाजसेवा के क्षेत्र मे योगदान के लिए कई विभूतियों को एसडीएम व सीओ ने प्रशस्त्रि पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, सुरेश मिश्र मदन ने किया। संगोष्ठी को अखिलेश मिश्र, विनोद मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, संतोष तिवारी, अनूप तिवारी ने भी संबोधित कर पत्रकारिता के उत्तरदायित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राकेश तिवारी, दयाशंकर तिवारी, शिवकरन चतुवेर्दी, शास्त्री सौरभ, अरविंद दुबे, शैलेन्द्र दुबे, जाकिर अली, फारूक अहमद, मुकेश तिवारी, प्रेम मिश्र, राहुल मिश्र, शुभम श्रीवास्तव, लवलेश शुक्ल, राजेन्द्र वर्मा, शिवांशु शुक्ल, आशुतोष मिश्र, राधेश पाण्डेय आदि रहे।



पत्रकारिता दिवस पर कार्यक्रम को संबोधित करते एसडीएम अरूण सिंह

## ठेकेदार के खिलाफ लामबंद रेल कर्मियों ने बंद कराया कार्य

### क्वार्टरों की मरम्मत में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप

**प्रतापगढ़।** रेलवे कालोनी में क्वार्टरों की मरम्मत में घटिया सामग्री का इस्तेमाल से खफा रेल कर्मियों ने लामबंद होकर मजदूर यूनियन की अगुवाई में सोमवार को न्यू रेलवे कालोनी में काम रूकवा दिया। नेताओं के तेवर देख मजदूर काम बंद करके भाग खड़े हुए। नेताओं की ठेकेदार से झड़प हुई। जिससे अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। सामग्री का सही इस्तेमाल किए जाने के बाद कर्मचारी वहां से हटे।

मजदूर यूनियन के शाखा अध्यक्ष मोहम्मद अफजल खां से न्यू रेलवे कालोनी में रह रहे कर्मचारियों ने बताया कि क्वार्टरों की मरम्मत में प्लास्टर में इस्तेमाल किए जा रहे सीमेंट और बालू मानक के विपरीत है। इसके अलावा क्वार्टरों की रिपेयरिंग में भी भेदभाव किया जा रहा है। सूचना मिलने पर अफजल कालोनी पहुंचें और आरोप लगाते हुए काम को बंद करा दिया। इसको लेकर उनकी ठेकेदार से कहासुनी हो गई। मामले ने तूल पकड़ तो इंजिनियरिंग विभाग के अधिकारियों को फोन आने शुरू हो गए, जिसमें मसाले का सही इस्तेमाल किए जाने की बात कही गई। तब जाकर लोग मानें। अफजल ने बताया कि मिलावट सामग्री के इस्तेमाल और अनदेखी की शिकायत सही थी। जिसको ठीक करा दिया गया है। मजे की बात यह है कि इसी कालोनी में दूसरी यूनियन के मण्डल स्तर के एक बड़े नेता का भी क्वार्टर है। उनको इसकी भनक तक नहीं है।

## मेरा हर गीत भारत मां का यश गान बन जाए....

### राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में गूंजा साहित्य साधना का स्वर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में जिले तथा दूरदराज से आए नामचीन कवियों ने साहित्य साधना के स्वर को गुंजायमान करते हुए राष्ट्रीयता का जोश भरा। लक्ष्मणपुर विकास खंड के धौरहरा मेला ग्राउंड हन्डौर में शनिवार की रात राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में विभिन्न विधाओं के कवियों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रख्यात कवि सुरेश शुक्ल नवीन की वाणी वंदना से हुई। बाराबंकी से पधारे डॉ पवन अंगार ने अपनी रचना शब्द भावो में समर्पित भवानी के सार कविता है सुनो, तलवार की धार सम शत्रुओ पर वार कविता है सुनो से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रायबरेली के दीपेंद्र तन्हा ने राजनैतिक तंज कसा नेहा राठौर के न चला का वा का वा, बुलडोजर चलाई दे है भी सराही गई। बाराबंकी की कवयित्री कालिंदी लता ने मेरा हर गीत भारत मां का यश गान बन जाए दृश्य अदृश्य शक्ति का मधुर गुणगान बन जाए को सुनाकर लोगों में देशभक्ति का गजब का जोश भरा। प्रयागराज के मशहूर व्यंगकार धनंजय सास्वत ने पढ़ा- कार से जा राशन हर माह ले रहे हैं जुगाड़ वाली ढूंढकर वो राह ले रहे हैं से तंज कसा। जानेमाने गजलकार डॉ नागेन्द्र अनुज ने अपनी गजल - जहां में नाम हिंदुस्तान का ऊँचा रहे पर श्रोताओं की जमकर वाहवाही हासिल की। इसके पूर्व कार्यक्रम में अनिल प्रताप त्रिपाठी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, अनिल त्रिपाठी महेश, ओमप्रकाश पांडे गुड्डू ,जय कौशल अनिल शुक्ला ,राजेश मिश्र गणेश प्रताप सिंह, धमार्चार्य योगेश जी महाराज और प्रशासनिक अधिकारी शशिकांत शुक्ला तथा पत्रकार धर्मेंद्र पांडे, साहित्यकार आशुतोष गिरी दीपक को आयोजन समिति द्वारा अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यज्ञ कुमार सिंघम, हरिवंश शुक्ल शौर्य गजेंद्र सिंह विकट राधेश पांडे, आशुतोष गिरी दीपक लक्ष्मीकांत कमलनयन ,लक्ष्मी कांत शून्य का भी काव्यपाठ उचाईंयां देता दिखा। बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख पति डॉ राकेश सिंह ने कवियों और साहित्यकारों को समाज का आईना बताया। अध्यक्षता गंगा जमुनी तहजीब के सशक्त हस्ताक्षर आचार्य अनीस देहाती व संचालन राजकुमार अंजाना ने किया। स्वागत संयोजक मंडल के अधिवक्ता रमेश पांडे व समाजसेवी संजय शुक्ला ने किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक अनूप त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य कमलेश बहादुर सिंह ,शिवम त्रिपाठी, राजेश मिश्र रज्जन, अभय प्रताप सिंह, सरदार इंद्रजीत सिंह, सोनू तिवारी रोहित पांडे देवेंद्र त्रिपाठी शंभू नाथ त्रिपाठी मोहित आदि रहे।

## पदों को समाप्त किए जाने के खिलाफ यूनियन ने किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पचास प्रतिशत पदों को समाप्त किए जाने के रेलवे के फैसले से नाराज उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा सोमवार को स्टेशन अधीक्षक कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

नेताओं ने कहा कि यूनियन सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ सदैव प्रदर्शन करेगी। शाखा मंत्री धर्मेंद्र कुमार दुवे ने कहा कि यदि सरकार अपने आदेश पर पुनर्विचार नही करती तो हम लोग कर्मचारियों के हित के लिये किसी भी हद तक लड़ाई लड़ने को तैयार है। सहायक शाखा मंत्री राजेश कुमार सिन्हा ;के डी तिवारी शाखा उपाध्यक्ष मो0 आदिल; अजीत पाल संगठन मंत्री निर्मला, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा एवं मो यासिर उदयराज वर्मा, रहमतुल्लाह, अमजद खान, संजय मिश्रा गोविंद कुमार आदि कर्मचारियों ने भाग लिया। संचालन अध्यक्ष मोहम्मद अफजल खां ने किया।



रेलवे परिसर में प्रदर्शन करते यूनियन के पदाधिकारी।

## झाड़ फूक के विवाद में आरोपियों ने तीन को पीटा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** झाड़-फूंक के विवाद को लेकर आरोपियों ने हमला कर दिया जिसके बाद तीन लोग जख्मी हो गए। एक की हालत गंभीर होने पर उसे डॉक्टरों ने प्रयागराज एसआरएन हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। वही दो घायलों का इलाज पट्टी नगर स्टेट पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। पुलिस तहरीर लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बाभनपुर गांव के रहने वाला मुख्तार पुत्र बक्सर ने बताया की रविवार की शाम झाड़-फूंक के विवाद को लेकर उसके पड़ोसी आधा दर्जन लोग इकट्ठा होकर लाठी-डंडों से उन पर हमला बोल दिया। बीच-बचाव करने के लिए परिवारी जन घर की तरफ भागे तो आरोपी दौरा करना चालू कर दिया इसके बाद कार के फोटो मुख्तार तथा हसनैन को गंभीर चोटें आई तथा उसके भतीजे को लाठी-डंडों की चोट के कारण सर फट जाने के कारण गंभीर चोटें आई मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां पर उनके भतीजे की गंभीर हालत को देखते हुए प्रयागराज स्टेशन हॉस्पिटल रेफर कर दिया पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### अवैध तमंचा-कारतूस के साथ तीन धराए

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। साथ ही अवैध तमंचा के साथ तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना जेठवारा से उ0नि0 राजेश कुमार राय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के नजमूल मोड़ के पास से एक व्यक्ति हरिपाल पटेल पुत्र स्व0 विश्वनाथ पटेल नि0 होला का पुरवा थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 121/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

उधर थाना बाघराय से उ0नि0 दुर्गेश कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के बकुलाही नदी पुल, धमांवा के पास से एक व्यक्ति रवि प्रकाश पाण्डेय पुत्र राम चन्द्र पाण्डेय नि0 जालिमगंज थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को 700 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 156/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। उधर थाना कोहड़ौर से उ0नि0 रवि चैधरी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के नरहरपुर, बाग के पास से दो व्यक्ति जहीर अहमद पुत्र अब्बास अली नि0 टेकार थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ व. महेन्द रजक पुत्र राजेश कुमार रजक नि0 बड़ा पुरवा, मोहनगंज थाना कोतवाली नगर को 01 अदद तमंचा 12 बोर व 05 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 124/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0सं0 125/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोगं पंजीकृत किया गया। उधर थाना अंतू से उ0नि0 शशिकान्त यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के बालापुर टंकी के पास से धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र रामाश्रय वर्मा नि0 नन्दलाल का पुरवा थाना अंतू जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 278/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोगं पंजीकृत किया गया।

## अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार को पट्टी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली जब एक अवैध तमंचे तथा एक जिंदा कारतूस के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पट्टी कोतवाली में कार्यरत यसआई गुलाब सिंह अपने हमराही साथी रोहित यादव तथा राजेश पाल के साथ गश्त पर थे तभी मुखबिर की सूचना पर भरोखन नहर पुलिया पर पहुंचे और एक व्यक्ति को एक अवैध तमंचा तथा जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम संतोष कुमार पुत्र गंगा प्रसाद निवासी दाउतपुर बताया।

## खबर संक्षेप

### प्रमोद तिवारी को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर कांग्रेसियों में हर्ष

**कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी को पार्टी ने राजस्थान से राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया है, जैसे ही यह खबर कौशाम्बी जिले में पहुंची कांग्रेसियों में हर्ष का माहौल छा गया, आज इस क्रम में कांग्रेस पार्टी के कैंप कार्यालय करसेंदा में पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीम के नेतृत्व में एक बैठक हुई जिसमें कांग्रेसियों ने एक दूसरे को लड्डू खिला कर बधाई दी, इस मौके पे पूर्व जिला अध्यक्ष तलत अजीम ने कहा कि प्रमोद तिवारी को राज्यसभा के उम्मीदवार बनाने के पार्टी इस निर्णय से यह एक आम कार्यकर्ता का सम्मान है, उनका पूरा जीवन जनता के लिए समर्पित रहा है और आज आम जन ने इस बात की सराहना हो रही है कि कांग्रेस पार्टी जमीन से जुड़े लोगों के संघर्षों के साथ है।इस मौके पर पीसीसी सदस्य गौरव पांडे, ग्राम प्रधान सुखलाल यादव, मो फरमान, मजहर लईक,नुरुल जमा, मैहर लाल, राम सजीवन भारतीय,सचिन पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# स्वापक नियंत्रण ब्यूरो लखनऊ की टीम ने कौशाम्बी से बरामद किया 39 किलो गांजा

## बिहार प्रांत के तस्कर के सहारे कौशांबी के दो युवक लंबे समय से गांजा तस्करी में थे लिप्त

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में लंबे समय से गांजा की तस्करी के चल रहे खेल पर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो लखनऊ की टीम ने कौशांबी जनपद के कड़ा धाम थाना क्षेत्र से तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 39 किलो गांजा बरामद किया है पकड़े गए आरोपियों में एक आरोपी बिहार प्रांत का और दो आरोपी कौशांबी जिले के हैं अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता के दौरान गांजा बरामदगी की जानकारी दी है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बिहार प्रान्त से प्रयागराज कौशाम्बी व उसके आस पास के जनपदों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले माफियाओं के सक्रिय होने की सूचना स्वापक नियंत्रण ब्यूरो उत्तर प्रदेश को विगत कई दिनों से मिल रही थी इस संबंध मे नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की विभिन्न टीमो द्वारा अधिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया स्वापक नियंत्रण ब्यूरो लखनऊ को सूचना मिली



गांजा बरामदगी की जानकारी देते एडिशनल एसपी पीछे खड़े आरोपी गण

कि एक ७४५ महिंद्रा ६ 4070333 में भारी मात्रा में गांजा बिहार से प्रयागराज के रास्ते होते हुए कौशाम्बी की ओर जाएगा।इस सूचना के आधार पर आसूचना अधिकारी रामेश्वर दास स्वापक नियंत्रण ब्यूरो लखनऊ मय टीम रविवार की देर रात कौशाम्बी पहुँचे और एसओजी प्रभारी को सूचना से अवगत करा कर सहायता हेतु अनुरोध किया।कड़ा धाम पुलिस के सहयोग से दोनों टीमो ने सोमवार की सुबह 8:30 बजे प्रतापगढ़ कौशाम्बी मार्ग स्थित अलीपुर जीता मोड़ के पास से चार पहिया वाहन से 2 बोरे में लगभग 39 किलो गांजा बरामद किया जिसकी अनुमानित कीमत 04 लाख रुपये बताई जाती है गिरफ्तार किये गए अभियुक्तों ने अपना परिचय रजत कुमार सिंह पुत्र हरेंद्र सिंह निवासी गरहथा खुर्द थाना ब्रह्मपुर जनपद बक्सर बिहार प्रदेश सौरभ यादव पुत्र बलदेव सिंह यादव निवासी देऊभीटा ककोढ़ा थाना कोखराज,रजनीश मिश्रा पुत्र स्व0 राम अभिलाष मिश्रा निवासी देऊभीटा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी के रूप में दिया है।

# चरवा पुलिस के तमंचा बरामदगी पर खड़े हुए सवाल!

### पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर जांच कराए जाने की मांग

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव से एक युवक को तमंचा कारतूस के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है तमंचा के साथ गिरफ्तारी के बाद आरोपी युवक की पत्नी ने चरवा पुलिस और ग्राम प्रधान की सांठगांठ का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर सवाल खड़ा कर दिया है शिकायती पत्र देने वाली महिला का कहना है कि पूर्व में दर्ज मुकदमे में गवाही और सजा ना हो पाए इसलिए दबाव बनाने के लिए उसके पति पर झूठे तरीके से तमंचा बरामदगी का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक बबली देवी पत्नी सुरेश कुमार निवासी रामपुर थाना चरवा ने बताया कि उसके देवर अवधेश कुमार व राजेश कुमार से अदालत में विवाद चल रहा है शिकायतकर्ता महिला का कहना है कि उसकी लड़की के साथ गांव के रजनी पुत्र इंद्रपाल (प्रधान विजय के भतीजे )ने अश्लील हरकत की थी मामले में गंभीर धाराओं में चरवा थाने में मुकदमा अपराध संख्या 100 सन 2021 दर्ज है आरोपी रजनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा है महिला का कहना है कि इन्हीं सब मामलों से प्रधान और उसका भतीजा रजनी मेरे परिवार से रंजिश रखता है मेरी लड़की के साथ हुई घटना में दर्ज मुकदमे में गवाही ना दिया जाए और सजा ना होने पाए और पूर्व में दर्ज मुकदमे में समझौता हो मुकदमा वापस लेने का दबाव ग्राम प्रधान बना रहा है महिला का कहना है कि जब मुकदमा वापसी लेने की बात से इंकार कर दिया तो मुकदमे में दबाव बनाने के लिए ग्राम प्रधान और चरवा पुलिस ने साजिश रची है जिससे ग्राम प्रधान के भतीजे के ऊपर पूर्व से दर्ज मुकदमे में सुलह समझौता हो सके और उसका भतीजा बेकसूर साबित हो सके शिकायती पत्र के मुताबिक प्रधान और उसके भतीजे आरोपी रजनी के दबाव में चरवा पुलिस ने निर्दोष सुरेश कुमार को फर्जी तरीके से तमंचा लगाकर जेल भेज दिया है उसका कहना है कि हो सकता है ग्राम प्रधान ने ही चरवा थाना पुलिस को तमंचा उपलब्ध कराया हो घर से तमंचा नहीं बरामद हुआ है पुलिस थाने से तमंचा निकालकर झूठा मुकदमा की कहानी थाना पुलिस ने गढ़ी है फर्जी तरीके से तमंचा लगाकर जेल भेजने के मामले की जांच कराते हुए निर्दोष पति को विवेचना में बेकसूर साबित करते हुए दोषी थाना पुलिस और मेरे पति पर साजिश रचने वाले ग्राम प्रधान विजय कुमार पर कठोर कार्यवाही करने की मांग महिला ने की है।

# मीडिया को दबाने की कोशिश होती है तो शासक हो जाता निरंकुश : भार्गव

## हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर कौशांबी न्यूज रिपोर्टर क्लब के बैनर तले एकजुट हुए पत्रकारों ने की चर्चा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर तमाम पत्रकार एकजुट हुए और पत्रकारिता के संबंध में अपने अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशाम्बी न्यूज रिपोर्टर क्लब के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार रामबदन भार्गव ने किया इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार रामबदन भार्गव ने कहा कि पहले अंग्रेजी बांग्ला फारसी आदि भाषाओं में अखबार का प्रकाशन ज्यादा होता था जिससे हिंदी पाठकों को अखबार नहीं मिल पाता था अंग्रेजी शासको के जुल्म ज्यादती अत्याचार से आम जनता परेशान थी जिस पर जुगल किशोर शुक्ल ने 30 मई 1826 को 195 वर्ष पूर्व हिंदी का अखबार उदंत मार्तंड का प्रकाशन कलकत्ता से शुरू किया यह अखबार ज्यादा दिन तो प्रकाशित नहीं हो सका अखबार के प्रकाशन में तमाम खर्चे आने लगे उन्होंने अंग्रेज सरकार से अनुरोध किया कि डाक शुल्क निशुल्क कर



हिंदी पत्रकारिता दिवस पर चर्चा करते तमाम पत्रकार

दिया जाए लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने उनकी नहीं सुनी 79 अंक निकालने के बाद अखबार के संपादक की व्यवस्था चरमरा गई और अखबार का प्रकाशन 4 दिसंबर 1827 से बंद हो गया लेकिन 30 मई 1826 को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाने लगा जो 195 वर्ष बाद भी निरंतर पत्रकार एक मंच पर एकत्रित होकर अपनी आवाज एक दूसरे से साझा करते हैं और हिंदी पत्रकारिता के महापुरुष जुगल किशोर शुक्ला को याद कर उन्हें नमन करते हैं और उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं इस मौके पर उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में पत्रकारिता व्यवसाय का रूप ले चुका है लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है लेकिन संविधान और समाज सही तरीके से स्थापित करने के लिए चार स्तंभों की आवश्यकता है जिसमें एक स्तंभ पत्रकारिता को भी माना गया है इसलिए पत्रकारिता को कमजोर करने की कोशिश करने से देश कमजोर होगा और देश को कमजोर होने से बचाना होगा उन्होंने कहा कि पत्रकारिता को कमजोर करने की रणनीति है मीडिया को दबाने की जब जब कोशिश होती है तो शासक निरंकुश हो जाता है और वह जनता की नहीं सुनता है उन्होंने कहा कि हम पत्रकार साथियों को एकजुट होकर आम जनता की आवाज उठाना होगा और शासन की निरंकुशता का जवाब देना होगा तभी हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाना सार्थक हो सकता है इस मौके पर मोअज्जम खान वरिष्ठ पत्रकार सुशील केसरवानी राजू सक्सेना विष्णु सोनी अजीत कुशवाहा अनुराग शुक्ला एनडी तिवारी सुबोध केसरवानी, सुशील मिश्रा, राजेश दिवाकर, रविन्द्र सिंह, मोहम्मद फैज अहमद अनिल कुमार, मुन्ना यादव सहित तमाम पत्रकारों ने कार्यक्रम में पत्रकारिता दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए हैं।

# दानपुर गांव में मनरेगा योजना में बड़ी धांधली की शिकायत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सरसवा विकास खण्ड क्षेत्र के दानपुर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव मनमानी दबंगई से शासन प्रशासन के आदेशो की धज्जियां उड़ाते हुए मनमानी तरीके से नियम विरुद्ध कार्य कर रहे हैं ग्राम्य विकास मंत्री व उप मुख्यमंत्री के गृह जनपद मे ही योगी सरकार का भ्रष्टाचार मुक्त आदेश नही चल रहा है सन 2021-22 के मनरेगा योजना के तहत होने वाले कार्य पर जेसीबी लगाकर मजदूरो की रोजी रोटी छीन ली है गांव में बढ रहे भ्रष्टाचार के मामले में पंचायत सचिव और एडीओ पंचायत सरसवा की भी भूमिका सवालों के घेरे में है खुलेआम हेरा फेरी कर सरकारी रकम खजाने से निकालने के मामले में खंड विकास अधिकारी की चुप्पी भी बहुत कुछ सवाल खड़ा कर रही है ग्रामीणो ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। सरसँवा ब्लाक अन्तर्गत दानपुर ग्राम प्रधान सुमित कुमार ने 2021-22 में मनरेगा योजना के तहत होने वाले कार्यो पर जे सी बी लगाकर मजदूरो को रोजी रोटी छीनने का प्रयास किया गांव में कराए गए तमाम अन्य विकास कार्यो में भी बड़ी हेराफेरी किए जाने की चर्चा ग्रामीण कर रहे हैं मामले को लेकर राजेंद्र सरोज ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि दबंग प्रधान अपने सहयोगियो सहित पूरी रकम डकार गया है राजेंद्र सरोज ने कहा कि जांच के दौरान जरुरत पड़ने वीडियो का साक्ष्य भी उपलब्ध कराया जाएगा राजेंद्र सरोज ने मुख्य विकास अधिकारी से ग्राम प्रधान और उसके सहयोगियों के भ्रष्टाचार के मामले की जांच कराते हुए कार्यवाही की माँग की है।

## न्यूज झरोखा

### डीएम ने की आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी जिलाधिकारी ने विभागवार शिकायतों की विस्तृत समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों से कहा कि आईजी आरएस मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में हैं एवं आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा मुख्यमंत्री द्वारा की जा रहीं है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि 31 मई 2022 को भी प्राप्त डिफाल्टर सभी शिकायतों का निस्तारण कर लिया जाय, डिफाल्टर शिकायत पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समय से किया जाय तथा टाइप आख्या ही अपलोड किया जाय। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत को उसी दिन अपलोड कर दिया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को नियमित रूप से आईजीआरएस पोर्टल को चेक करते रहने के निर्देश दिये इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 विश्राम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### मां बेटी को दबंगों ने पीटा मुकदमा दर्ज



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के चरवा गांव निवासी आरती मिश्रा और उनकी बेटी काजल को दबंगों ने गाली गलौज कर बेरहमी से पीटा है मामले की शिकायत पीड़ित परिजनों ने चरवा पुलिस से किया है इसी मामले को लेकर उसके रिश्तेदार के साथ भी फोन पर गाली गलौज दबंगों ने किया है पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है पुलिस को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में पीड़ित आरती मिश्रा ने बताया कि उसकी बेटी काजल सामान लेने गई थी जिस पर वापस आते समय उसकी बेटी काजल के साथ गांव के अनूप उपाध्याय बच्चा उपाध्याय शैलेंद्र आदि ने गाली गलौज किया और जब मामले का उलाहना देने उनके घर आरती मिश्रा गयी तो दबंग अनूप बच्चा शैलेंद्र आदमी आरती मिश्रा लाठी डंडों से बेरहमी से हमला कर दिया है इस हमले में आरती मिश्रा को भी चोटें आई हैं इसी बात को लेकर आरती मिश्रा के रिश्तेदारों के फोन पर भी दबंगों द्वारा धमकी दिया जा रहा है मुकदमा लिखाए जाने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है पीड़ित परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कांग्रेस का होगा आने वाला समय : जितेंद्र



**कौशाम्बी।** कांग्रेस नेता जितेंद्र शर्मा ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा भाजपा की नीतियों से आम जनता ऊब चुकी है और वह भाजपा से देश का छुटकारा चाहती है देश के प्रसिद्ध कानून विद कांग्रेस पार्टी के संकटमोचक विवेक कृष्ण तंखा को राज्यसभा का लगातार दूसरी बार उम्मीदवार बनाए जाने पर आज टेवा ग्राम सभा मे सिराथू विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी रहे ज्ञान चंद लोधी ने कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस मे अपने साथियों साथ कांग्रेस मे शामिल हुए साथ ही श्री तंखा के राज्यसभा भेजे जाने पर सभी ने खुशी व्यक्त की संगठन जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने सबको संबोधित करते हुए कहा आने वाले समय कांग्रेस का है. और सभी कार्यकताओं को श्री तंखा के प्रत्याशी बनाए जाने पर मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया. इस मौके पर अनिल पांडेय, नरेंद्र सिंह, हर्षवर्धन दुबे आदि उपस्थित रहे।

### रेल लाइन से 20 मीटर दूर मिली छत विछत लाश

**कौशांबी।** चरवा थाना अंतर्गत दनियालपुर गांव के पास रेलवे लाइन से 20 मीटर दूर पर एक व्यक्ति की लाश मिली है लगभग 35 वर्ष उम्र बताई जाती है अज्ञात व्यक्ति की लाश छति विछित है रेल लाइन के बाहर व्यक्ति की लाश पड़ी होने की सूचना मिलने पर मौके पर आसपास के गांवों के लोग एकत्रित हो गए मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकती है रात्रि लगभग 2:00 बजे 844/21 844/23 अप लाइन से 20 मीटर दूर लाश पड़ी होने की जानकारी मिली है मृतक के शरीर में कपड़े नहीं है चेहरा और सिर बुरी तरह से कुचल गया है रेल लाइन पर मिली लाश का क्या मामला है यह जांच का विषय है।

### आधा दर्जन लोगों ने मिलकर महिला को बेरहमी से पीटा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के पंसौर गांव की एक महिला की तीन बकरियां अचानक मर गई थी जिस पर महिला ईश्वर की प्रार्थना कर रही थी कि जिस ने साजिश रचकर बकरियों को मारा हो उसे ईश्वर दंड दो महिला को आशंका है कि बकरियों को मारने में किसी की साजिश थी इसी बीच गांव की आधा दर्जन महिला पुरुषों ने गाली गलौज कर ललकारते हुए महिला पर बेरहमी से लाठी-डंडे से हमला बोल दिया है जिससे महिला को चोटे आई हैं पीड़ित महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को पीड़ित महिला ने दी है। शिकायती पत्र के मुताबिक पंसौर गांव की महिला बिट्टी देवी पत्नी नथाई की तीन बकरियां 29 मई की शाम अचानक खत्म हो गई आशंका है कि इसमें किसी गांव वाले की साजिश है जिससे बकरियों की एक साथ मौत हुई है इसी मामले को लेकर महिला ईश्वर से प्रार्थना कर रही थी कि बकरियों को जिसने मारा हो उसको आप प्रभु दंड दो इसी मामले को लेकर गांव की गीता देवी उसका पति सुनील कुमार होरी लाल पुत्र बचानी रिमझिम पत्नी होरीलाल उसका बेटा चिंगु जगदीश पुत्र छेदीलाल सहित कई लोग एक राय होकर महिला बिट्टी देवी पत्नी नथाई को गाली गलौज करते हुए लात घूसों से बेरहमी से पीटा है जिससे महिला को चोटे आई हैं मामले की तहरीर पीड़ित महिला बिट्टी ने चरवा थाना पुलिस को दिया है मामले की जांच पुलिस कर रही है।

# सीएमओ से नाराज हुए भाजपा नेता सीएमओ को हटाने की शुरू हुई मांग

**टेडीमोड कौशांबी।** भाजपा नेताओं ने कहा है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी डॉ के सी राय अंदरुनी रूप से बीजेपी विरोधी और सपा समर्थक है वह यादव और मुस्लिम को 'बढ़ावा दे रहे जिसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा मे मुस्लिम अधीक्षक और गैर जनपद चित्रकूट स्थानांतरित यादव अपर शोध अधिकारी बैठा है जिसको अवैध रूप से 4 सालों से कार्यमुक्त नहीं किया गया है और वेतन निर्गत किया जा रहा है सीएमओ के कारनामे से भाजपा समर्थकों में भारी रोष है और इसके लिए वह सघन अभियान चलाएंगे जिसके तहत उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से वार्ता कर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तत्काल जनपद से हटाने की मांग भाजपा नेताओं द्वारा की जाएगी।

**कड़ा की स्वास्थ्य सेवाएं हुई धड़ाम :** इसकी बानगी देखने के लिए भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का निरीक्षण करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अलीपुर जीता पहुंचे जिसमें ना तो चिकित्सक उपलब्ध थे और ना हीं फार्मासिस्ट मौके पर मौजूद है।

**मुख्यमंत्री आरोग्य मेला की अनदेखी करते अधिकारी कर्मचारी :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी उदासीनता के चलते स्वास्थ्य सेवा धड़ाम हो गयी है वार्ड बॉय और स्वीपर के भरोसे आरोग्य मेला संचालित किया जा रहा है जिससे मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद की स्वास्थ्य सेवा नहीं संभाल पा रहे हैं।

**सीएमओ को जनपद से हटाने की मांग :** भाजपा नेताओं ने कहा कि कल ही लखनऊ पहुंच कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से सांसद विनोद सोनकर के माध्यम से ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# दलित महिला के साथ दुराचार शिकायत पुलिस अधीक्षक से

### मामला करारी थाना क्षेत्र के एक गांव का, समुदाय विशेष के बताएं जा रहे हैं आरोपी

**कौशाम्बी।** पेंशन बनवाने के बहाने बुलाकर एक दलित विधवा के साथ दुराचार का मामला प्रकाश में आया है, पीड़िता ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला करारी थाना क्षेत्र के एक गांव का है। मामले में शिकायती पत्र देते हुए पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया है कि रक्सौली गांव के ही इश्तियाक, जावेद, व गांव का सोमनाथ उसे पेंशन बनवाने के बहाने मंझनपुर ले गए थे। जहां रास्ते में उसके साथ उन्होंने दुराचार किया। पीड़िता ने बताया कि इस मामले की शिकायत उसने करारी थाना पुलिस ने दिया था। लेकिन मामले में कोई भी मुकदमा नहीं पंजीकृत किया गया। पीड़िता ने पुलिस से मामले में मुकदमा पंजीकृत कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# गांव गांव कूड़े कचरे के ढेरों को हटवाने का समुचित प्रबंध करे प्रशासन : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने गांव गांव कूड़े, कचरे के लगे ढेरों को हटवाने के लिए समुचित प्रबंध किए जाने की जिला प्रशासन से मांग की है अजय सोनी ने कहा कि आज करीब हर एक गांव में गांव किनारे कूड़े, कचरे के ढेर लगे मिलते हैं। इससे गांवो के लोगों को भारी परेशानी होती है और गांवो में गंदगी फैलती है। आगे कहा कि कूड़े के ढेर लगे रहने से गांवो में तमाम तरह की बीमारियां फैलती हैं और मच्छर, कीड़े आदि भी लोगों को परेशान करते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए यह जरूरी है कि गांव गांव जिला प्रशासन कूड़े, कचरे के लगे ढेरों को हटवाने के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि सरकार ने गांव गांव सफाई कर्मियों की तैनाती तो कर रखी है लेकिन गांव गांव कूड़े फेंके जाने और कूड़े कचरे से गांव के लोगों को निजात दिलाने के लिए कोई सही इंतजाम अब तक नहीं किया है। ऐसी स्थिति में सफाई कर्मी गांव का कूड़ा, कचरा गांव के हर एक सड़क के किनारे या सड़क, खडंजा के आसपास फेंक देते हैं और बाद में धीरे धीरे कूड़े, कचरे का गांव के हर किनारे ढेर लग जाता है। कूड़े कचरे को फेंके जाने के लिए कोई जगह तय नहीं किए जाने एवं उक्त कूड़े कचरे का समुचित निस्तारण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कत होती है। इसी के साथ

### उदहीन गांव में लगा गंदगी का अंबार



अजय सोनी ने कहा कि कहने को केंद्र एवं प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत अभियान चला रही है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। इस संबंध में अजय सोनी ने बताया कि जिला पंचायत के सदन में इस विषय पर पहले ही हमने मांग कर रखी है परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जब तक जिला प्रशासन इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता, यह समस्या कायम रहेगी। इसके लिए सबको मिलकर काम करना होगा तभी इस समस्या से निजात पाया जा सकता है। इस संबंध में अजय सोनी ने बताया कि जल्द ही कूड़े, कचरे के लगे ढेरों को हटवाने के लिए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा और गांव गांव लगे कूड़े, कचरों के ढेरों को हटवाने एवं इनके निस्तारण के लिए समुचित व्यवस्था करने की मांग की जाएगी।

# पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन कार्यक्रम में उदयन सभागार में दिखाया गया सजीव प्रसारण

## सासंद द्वारा 06 बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से पीएम केयर्स किट का किया गया वितरण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना का शुभारम्भ किया गया, जिसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में आयोजित पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन कार्यक्रम में किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना सांसद विनोद सोनकर एवं जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा जनपद के ऐसे बच्चो जिनके माता-पिता दोनों की मृत्यु कोविड से हुई है, ऐसे सभी 06 बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से पीएम केयर्स किट का वितरण किया गया पीएम केयर फॉर चिल्ड्रेन योजना के अन्तर्गत निःशुल्क स्कूली शिक्षा के साथ ही उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण की सहायता एवं शिक्षा ऋण के ब्याज का भुगतान पीएम केयर्स द्वारा किया जायेंगा 23 वर्ष की आयु तक आयुष्मान भारत योजना के तहत 05 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा की सुविधा एवं बीमा के प्रीमियम का




पीएम केयर्स की बैठक में उपस्थित सांसद डीएम वा अन्य

भुगतान पीएम केयर्स द्वारा किया जायेगा व्यक्तिगत जरूरतों के लिए 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर मासिक वित्तीय सहायता, 23 वर्ष की आयु पूरी करने पर पीएम केयर्स से 10 लाख रुपए की सहायता, कक्षा 1-12 के बच्चों के लिए 20 हजार रुपए प्रति वर्ष की छात्रवृत्ति, कौशल प्रशिक्षण के लिए कर्मा छात्रवृत्ति तकनीकी शिक्षा के लिए स्वानाथ छात्रवृत्ति एवं 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि दी जायेंगी सांसद ने कहा कि पीएम केयर्स फॉर चिन्ड्रेन द्वारा ऐसे बच्चों जिनके माता-पिता दोनों की मृत्यु कोविड से हुई है, उन सभी बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा हैं उन्होने कहा कि हम लोग भाग्यशाली हैं कि ऐसे प्रधानमंत्री मिलें हैं, जो एक अभिभावक या एक पिता की भॉति हम सबका ध्यान रखते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद ऐसी अनेक परिस्थितियॉ हुई, जब बच्चों ने अपने माता-पिता को खो दिया, परन्तु उन्हें पूॅछने वाला कोई नहीं था। प्रधानमंत्री ने पीएम केयर्स के माध्यम से एक ऐतिहासिक पहल की है, जो बच्चों के वर्तमान के साथ ही उनके भविष्य को भी संवारने की चिंता की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्र के युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं मजदूरों के लिए प्रधानमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक प्रधान सेवक के रूप में कार्य कर रहें हैं उन्होंने बच्चों से कहा कि आपके जीवन में आए इस खालीपन को भर पाना तो किसी के लिए भी संभव नहीं है, लेकिन आपके परिजन के तौर पर आपको यह विश्वास दिलाता हॅ कि आप अपने संघर्षों में अपनी कठिनाइयों में अपने दुख-सुख में अकेले नहीं हैं, पूरा देश आपके साथ है सांसद ने कहा कि देश के करोड़ो लोंगो ने पीएम केयर्स फण्ड में दान किया है। पीएम केयर्स फण्ड से देश में ऑक्सीजन प्लान्ट, वेन्टीलेटर, अस्पताल एवं ऐसे बच्चों जिनके माता-पिता दोनों की मृत्यु कोविड से हुई है, उनके कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यों से उन लोगों को भी अच्छा लग रहा होगा, जिन्होंने पीएम केयर्स फण्ड में दान दिया हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन सहायता एवं सहयोग के लिए हमेशा तत्पर हैं जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना काल के समय पीएम केयर्स से काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि जनपद में 06 आक्सीजन प्लान्ट लगाये गये हैं, जिसमें से 03 जिला अस्पताल में, 01 पीएचसी मंझनपुर एवं 01-01 सीएचसी कड़ा एवं सिराथू में स्थापित किया गया है जिला अस्पातल में आरटीपीसीआर जॉच की भी सुविधा उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन में भी अच्छा कार्य किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व विधायकगण लाल बहादुर एंव शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल जितेन्द्र सोनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा मुख्य विकास अधिकारी शशिकान्त त्रिपाठी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी राजनाथ राम सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# डिग्री कालेज बना नकल कराने का मास्टर माइंड कॉलेज

**कौशाम्बी।** चायल तहसील के डिग्री कॉलेज बिरौली में नकल करवाने का तूल इस कदर से बढता जा रहा है कि नकल विहीन परीक्षा करवाने में सरकार और यूनिवर्सिटी पूरी तरह से असफल दिखाई दे रही है।नकल माफियाओं ने बिरौली डिग्री कॉलेज में छात्राओं से मोटी रकम वसूली करने और बोल बोल कर नकल करवाने तथा ब्लैक बोर्ड पर पेपर हल करके बोर्डिंग नकल कराने का ठेका ले रखा है।

# जनसत्ता दल की मासिक बैठक 1 जून को

**भरवारी कौशाम्बी।** जनसत्ता दल की मासिक बैठक कड़ा ब्लॉक के देवीगंज में डॉ पी के सिंह के आवास पर दिनांक 1 जून को सुबह 10:00 बजे आयोजित की गई है पूर्व सांसद और जनसत्ता दल के राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार ने सभी पदाधिकारियों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

# नशे की अंधी गलियों में गुम होता जीवन

संपादकीय

## समान नागरिक कानून पर चर्चा

वर्तमान में समान नागरिक कानून की चर्चा बहुत ज्यादा है। होना भी चाहिए, क्योंकि विश्व के अधिकांश देश समान कानून की अवधारणा को स्वीकार करते हैं। आज जो देश विश्व की महाशक्ति मानने का साहस रखते हैं, उन सभी देशों में कानून के नाम पर कोई समझौता नहीं किया जाता। भारत में कानून के नाम पर जो प्रावधान हैं, उनमें कई प्रकार की खामियां देखने को मिलती हैं। जो समाज में असमानता का भाव पैदा करने वाले कहे जा सकते हैं। विसंगति यह है कि मुस्लिमों के लिए जो पर्सनल कानून बनाए हैं, वे सामाजिक उत्थान और मुसलमानों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने का ही एक प्रयास था, लेकिन इसका परिणाम क्या हुआ है, यह हम सभी के सामने है। मुस्लिम समाज का कुछ वर्ग देश की वास्तविकता से परिचित होना नहीं चाहता। इतना ही नहीं वह अभी तक भारत के उन संस्कारों से समरस नहीं हो सका है, जो मुगलों और अंग्रेजों से पहले से चले आ रहे हैं। भारत के मुसलमानों के बारे में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि यह मुसलमान सनातन काल से भारत के ही हैं। वह अपना इतिहास खोजेंगे तो उन्हें इसके प्रमाण भी मिल जाएंगे। आज कई मुस्लिम अपने पूर्वजों द्वारा की गई गलतियों को सुधारने का प्रयास भी करने लगे हैं। वसीम रिजवी और जफर शेख ने इस पहल को गति देने का कार्य किया है। अभी मुस्लिम समाज को सुबह का भूला निरूपित किया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, लेकिन यकीनन वो शाम भी आ रही है, जिसमें सब घर लौटने की कवायद करेंगे। समान नागरिक संहिता को लेकर कुछ संस्थाओं द्वारा यह प्रचारित करने का प्रयास किया जा रहा है कि यह कानून भारत के मुस्लिमों के विरोध में है। जबकि इस पर गंभीरता पूर्वक मंथन किया जाए तो समान नागरिकता कानून मुस्लिमों के लिए बड़ा हितकारक ही सिद्ध होगा। हम जानते हैं कि आज देश का बहुत बड़ा मुस्लिम समाज मुख्यधारा से कटा हुआ है। इसके पीछे एक मात्र कारण देश की राजनीति को माना जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद राजनीतिक दलों ने मुस्लिमों के वोट प्राप्त करने के लिए तमाम तरीके से प्रलोभन देने का काम किया, यही प्रलोभन मुस्लिम समाज के विकास में बाधक बनकर सामने दिखाई दिया। अगर सारे समाज के लिए देश में एक समान कानून बन जाएगा तो स्वाभाविक रूप से समाज में भेदभाव भी समाप्त होगा, जो अपरिहार्य भी है। इसलिए अब देश के मुस्लिम समाज को स्वयं ही समान नागरिक संहिता लागू करने की मांग करना चाहिए, जो न्यायोचित कदम होगा। वर्तमान में एक बार फिर से समान नागरिक कानून बनाए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। ऐसा किया जाना इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि निजी कानूनों के चलते समाज में भेदभाव की खाई लगातार गहरी होती जा रहा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक बार तलाक के एक प्रकरण में सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया था कि समान नागरिक संहिता समय की जरूरत है। इसकी आवश्यकता इसलिए भी है, क्योंकि देश में सभी नागरिकों के लिए कानून समान होना चाहिए। हम जानते हैं कि गोवा में समान नागरिक संहिता लागू है और इस राज्य के किसी भी वर्ग को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। इसीलिए कहा जा सकता है कि देश में भी समान नागरिक संहिता के होने से समाज को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। समस्या तो केवल उन राजनीतिज्ञों को है।

ललित गर्ग

आतंकवाद की तरह नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए भी विश्व स्तर पर पूरी ताकत, पूरे साधन एवं पूरे मनोबल से एक समन्वित लड़ाई लड़नी होगी। वरना कुछ मनुष्यों की धमनियों में फैलता हुआ यह विष विश्व स्वास्थ्य को निगल जाएगा और लाखों-लाखों प्रयोगशालाओं में नई दवाओं का आविष्कार करते वैज्ञानिक समय से बहुत पिछड़ जाएंगे। तम्बाकू और इस नशे के परिणामों के प्रति सचेत करने के लिए तथा विश्व की इस ज्वलंत समस्या के प्रति लोगों में भिज्ञ कराने के लिए एक दिन तम्बाकू निषेध दिवस मनाने से नशा मुक्ति की सशक्त स्थिति पैदा नहीं की जा सकती पर नशे के प्राणघातक परिणामों के प्रति ध्यान आकर्षित किया जा सकता है

**बेशक** 31 मई 2022 को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जा रहा है मगर ऐसे दिवस को मनाने की उपयोगिता तभी है जब नशे की अंधी गलियों में भटक चुके युवाओं को बाहर निकालना विश्व की हर सरकार का नैतिक एवं प्राथमिक कर्तव्य हो, क्योंकि युवा पीढ़ी नशे की गुलाम हो चुकी है। विश्व की गम्भीर समस्याओं में प्रमुख है तम्बाकू और उससे जुड़े नशीले पदार्थों का उत्पादन, तस्करी और सेवन में निरन्तर वृद्धि होना। नई पीढ़ी इस जाल में बुरी तरह कैद हो चुकी है। आज हर तीसरा व्यक्ति विशेषतः महिलाएं किसी-न-किसी रूप में तम्बाकू की आदी हो चुकी है। बीड़ी-सिगरेट के अलावा तम्बाकू के छोटे-छोटे पाउचों से लेकर तेज मादक पदार्थों, औषधियों तक की सहज उपलब्धता इस आदत को बढ़ाने का प्रमुख कारण है। इस दीवानगी को ओढ़ने के लिए प्रचार माध्यमों ने भी भटकाया है। सरकार की नीतियां भी दोगली है। एक नशेड़ी पीढ़ी का देश कैसे आदर्श हो सकता है? कैसे स्वस्थ हो सकता है? कैसे प्रगतिशील हो सकता है? यह समस्या केवल भारत की ही नहीं है, बल्कि समूची दुनिया इससे पीड़ित, परेशान एवं विनाश के कगार पर खड़ी है। इसी बात की गंभीरता एवं विकरालता को देखते हुए साल 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्य देशों ने एक प्रस्ताव पारित किया और हर 31 मई को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाने का फैसला किया गया। आज छोटे-छोटे बच्चे एवं महिलाएं नशे के आदी हो चुकी हैं। वे ऐसे नशे करती है कि रुह कांपती है। हर साल लाखों लोग नशे के कारण अपना जीवन दांव पर लगा रहे हैं। नशा आज एक फैशन बन चुका है। पूरे विश्व के लोगों को तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाने के लिये तथा सभी स्वास्थ्य खतरों से बचाने के लिये तंबाकू चबाने या धूम्रपान के द्वारा होने वाले सभी परेशानियों और स्वास्थ्य जटिलताओं से लोगों को आसानी से जागरूक बनाने के लिये इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लेकिन यह विडम्बनापूर्ण है कि सरकारों के लिये यह दिवस कोरा आयोजनात्मक है, प्रयोजनात्मक नहीं। क्योंकि सरकार विवेक से नहीं, स्वार्थ से काम ले रही है। शराबबन्दी का नारा देती है, नशे की बुराइयों से लोगों को आगाह भी करती है और शराब, तम्बाकू का उत्पादन भी बढ़ा रही है। राजस्व प्राप्ति के लिए जनता की जिन्दगी से खेलना क्या किसी लोककल्याणकारी सरकार का काम होना चाहिए? नशे की संस्कृति युवा पीढ़ी को गुमराह कर रही है। अगर यही प्रवृत्ति रही तो सरकार, सेना और समाज के ऊंचे पदों के लिए शरीर और दिमाग से स्वस्थ व्यक्ति नहीं मिलेंगे। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण हम एक स्वस्थ नहीं, बल्कि बीमार राष्ट्र एवं समाज का ही निर्माण कर रहे हैं। प्रसिद्ध फुटबाल खिलाड़ी मैराडोना, पॉप संगीत गायक एल्विस प्रिंसले, तेज धावक बेन जॉनसन, युवकों का चहेता गायक माईकल जैक्सन, ऐसे कितने ही खिलाड़ी, गायक, सिनेमा कलाकार नशे की आदत से या तो अपनी जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं या बरबाद हो चुके हैं। नशे की यह जमीन कितने-कितने आसमान खा गई। विश्वस्तर की ये प्रतिभाएं कीर्तिमान तो स्थापित कर सकती हैं, पर नई पीढ़ी के लिए स्वस्थ विरासत नहीं छोड़ पा रही हैं। नशे की ओर बढ़ रही युवापीढ़ी बौद्धिक रूप से दरिद्र बन जाएगी। जीवन का माप सफलता नहीं, सार्थकता होती है। सफलता तो गलत तरीकों से भी प्राप्त की जा सकती है। जिनको शरीर की ताकत खैरात में मिली हो वे जीवन की लड़ाई कैसे लड़ सकते हैं? ये बहुत जरूरी है कि वैश्विक स्तर पर तंबाकू सेवन के प्रयोग पर बैन लगाया जाये या इसे रोका जाये क्योंकि ये कई सारी बीमारियों का कारण बनता है जैसे दीर्घकालिक अवरोधक फेफड़ों संबंधी बीमारी (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर, हृदयघात, स्ट्रोक, स्थायी दिल की बीमारी, वातस्फीति, विभिन्न प्रकार के कैंसर आदि। तंबाकू का सेवन कई रूपों में किया जा सकता है जैसे सिगरेट, सिगार, बीड़ी, मलाईदार तंबाकू के रंग की वस्तु (टूथ पेस्ट), क्रिटेक्स, पाईप्स, गुटका, तंबाकू चबाना, सुर्ती-खैनी (हाथ से मल के खाने वाला तंबाकू), तंबाकू के रंग की वस्तु, जल पाईप्स, स्नस आदि। कितने ही परिवारों की सुख-शांति ये तम्बाकू उत्पाद नष्ट कर रहे हैं। बूढ़े मां-बाप की दवा नहीं, बच्चों के लिए कपड़े-किताब नहीं, पत्नी के गले में मंगलसूत्र नहीं, चूल्हे पर दाल-रोटी नहीं, पर नशा चाहिए। अस्पतालों के वार्ड ऐसे रोगियों से भरे रहते हैं जो अपनी जवानी नशे को भेंट कर चुके होते हैं। ये तो वे उदाहरणों के कुछ बिन्दु हैं, वरना करोड़ों लोग अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। डब्ल्यूएचओ के अनुसार धूम्रपान की लत से हर साल लगभग 60 लाख लोग मारे जा रहे हैं और इनमें से अधिकतर मौतें कम तथा मध्यम आय वाले देशों में हो रही हैं। डब्ल्यूएचओ ने पनामा में एक सम्मेलन में अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो वर्ष 2030 में प्रति वर्ष धूम्रपान की वजह से मारे जाने लोगों की संख्या बढ़कर 80 लाख हो जाएगी। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 92 देशों के 2.3 अरब लोगों को धूम्रपान पर किसी न किसी तरह लगाए गए प्रतिबंधों से लाभ हुआ है। मतलब साफ है कि आने वाले समय में इनमें से सबसे ज्यादा नुकसान भारत को ही होने जा रहा है।



सिगरेट या बीड़ी का धुआं किसी मजहब और प्रांत को नहीं पहचानता, किसी आरक्षण या राजनीतिक झुकावों को नहीं जानता। वह किसी अमीर और गरीब में भी भेद नहीं करता, उसका सबके लिए एक ही मेसेज है, और वह है मौत। किन्तु दुर्भाग्यवश इस गलत आदत को स्टेटस सिंबल मानकर अक्सर नवयुवक एवं महिलाएं अपनाते हैं और दूसरों के सामने दिखाते हैं। धूम्रपान दरअसल एक लत है जिससे जब तक व्यक्ति दूर रहता है तब तक तो वह ठीक रहता है लेकिन एक बार यदि इसे प्रारम्भ कर दिया जाए तो इंसान को इस नशे में मजा आने लगता है। कुछ कहने-सुनने से पहले यह जान लें की धूम्रपान हर दृष्टि से हानिकारक है, जानलेवा है। धूम्रपान से रक्तचाप में वृद्धि होती है, रक्तवाहिनियों में रक्त का थक्का बन जाता है। ऐसे लोगों में मृत्यु दर 2 से 3 गुना अधिक पाई जाती है। धूम्रपान से टीबी होता है। कई ऐसे हॉलिवुड सिंगर्स हैं जिन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि अधिक धूम्रपान करने से उनकी आवाज खराब हुई। इससे प्रजनन शक्ति कम हो जाती है। यदि कोई गर्भवती महिला धूम्रपान करती है तो या तो शिशु की मृत्यु हो जाती है या फिर कोई विकृति उत्पन्न हो जाती है। लंदन के मेडिकल जर्नल द्वारा किये गये नए अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान करने वाले लोगों के आसपास रहने से भी गर्भ में पल रहे बच्चे में विकृतियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के डॉ. जोनाथन विनिकॉफ के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान माता-पिता दोनों को स्मोकिंग से दूर रहना चाहिए। स्कूलों के बाहर नशीले पदार्थों की धडल्ले से बिक्री होती है, किशोर पीढ़ी धुए में अपनी जिन्दगी तबाह कर रही है। हजारों-लाखों लोग अपने लाभ के लिए नशे के व्यापार में लगे हुए हैं और राष्ट्र के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। चमड़े के फीते के लिए भैंस मारने जैसा अपराध कर रहे हैं। बढ़ती तम्बाकू प्रचलन की समस्या विश्व की दूसरी समस्याओं में सबसे देरी से जुड़कर सबसे भयंकर रूप से मुखर हुई है। लगता है विश्व जनसंख्या का अच्छा खासा भाग नशीले पदार्थों के सेवन का आदी हो चुका है। अगर आंकड़ों को सम्मुख रखकर विश्व मानचित्र (ग्लोब) को देखें, तो हमें सारा ग्लोब नशे में झूमता दिखाई देगा।

आतंकवाद की तरह नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए भी विश्व स्तर पर पूरी ताकत, पूरे साधन एवं पूरे मनोबल से एक समन्वित लड़ाई लड़नी होगी। वरना कुछ मनुष्यों की धमनियों में फैलता हुआ यह विष विश्व स्वास्थ्य को निगल जाएगा और लाखों-लाखों प्रयोगशालाओं में नई दवाओं का आविष्कार करते वैज्ञानिक समय से बहुत पिछड़ जाएंगे। तम्बाकू और इस नशे के परिणामों के प्रति सचेत करने के लिए तथा विश्व की इस ज्वलंत समस्या के प्रति लोगों में भिज्ञ कराने के लिए एक दिन तम्बाकू निषेध दिवस मनाने से नशा मुक्ति की सशक्त स्थिति पैदा नहीं की जा सकती पर नशे के प्राणघातक परिणामों के प्रति ध्यान आकर्षित किया जा सकता है।

## दुनिया ने पहचानी हिंदी की चमक...!

सुनील कुमार महला

**हाल** ही में उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जनपद की हिंदी की जानी मानी कथाकार, उपन्यासकार गीतांजलि श्री के उपन्यास 'टॉम्ब ऑफ सैंड' यानि कि "रेत समाधि" को अंतरराष्ट्रीय बुकर प्राइज मिला है। लेखिका को पुरस्कार के तौर पर 50,000 पाउंड दिए गए हैं। सबसे पहले लेखिका को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। बताता चलूं कि कि इस उपन्यास को डेजी रॉकवेल ने ट्रांसलेट किया है तथा यह विश्व की उन 13 पुस्तकों में शामिल थी, जिसे अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए लिस्ट या सूची में शामिल किया गया था। बताता चलूँ कि डेजी रॉकवेल एक पेंटर एवं लेखिका हैं और अमेरिका में रहती हैं। उन्होंने हिंदी और उर्दू की कई साहित्यिक कृतियों का अनुवाद किया है। रेत समाधि उपन्यास उत्तर भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है और 80 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की कहानी बयां करता है। यह महिला पाकिस्तान जाती है और विभाजन के वक्त की अपनी पीड़ाओं का हल तलाशने की कोशिश करती है। वह इस बात का मूल्यांकन करती है कि एक मां, बेटी, महिला और नारीवादी होने के क्या मायने हैं। गीतांजलि श्री ने बेहद मार्मिक और संवेदनशील भाषा में इस महिला की मनःस्थिति को तराशा है और डेजी रॉकवेल ने इसके अंग्रेजी अनुवाद में भी इसकी मूल आत्मा को बरकरार रखते हुए इसे सुंदर शब्दों में ढाला है। यह हिंदी भाषा में पहला ह्यफिक्शन है जो इस प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार की दौड़ में शामिल था। रेत समाधि को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिलने से हिंदी भाषा और साहित्य को विशेष उपलब्धि हासिल हुई है। हिंदी निरंतर आगे बढ़ रही है और यह हिंदी भाषा व साहित्य को मान्यता है ।यह हम सभी के लिए गौरान्वित करने वाली बात है कि "रेत समाधि" किसी भी भारतीय भाषा में लिखी गई पहली साहित्यिक कृति बन गई है जिसे बुकर पुरस्कार मिला है। इस पुरस्कार के मिलने से यह साबित हो चुका है कि हिंदी के पास समृद्ध साहित्य है और आज हिंदी की विश्व स्तर पर तूती बोल रही है। निश्चित ही बुकर पुरस्कार मिलने के बाद ये पुस्तक यानि कि रेत समाधि और लोगों तक भी पहुंचेगी और लोग हिंदी साहित्य में पहले से अधिक रूचि लेंगे। जानकारी देना चाहूंगा कि गीतांजलि श्री का मूल उपन्यास रेत समाधि हिंदी भाषा में राजकमल प्रकाशन से प्रकाशित हुआ था। वास्तव में, ये भारतीय साहित्यिक समुदाय के लिए बहुत बड़ी व गौरान्वित करने वाली बात है कि एक हिंदी उपन्यास को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार दिया गया। गीतांजलि श्री की इस उपलब्धि से न केवल हिंदी व हिंदी साहित्य के लिए नए अवसरों के द्वार खुलेंगे, साथ ही वैश्वक साहित्य भी और समृद्ध होगा। गीतांजलि श्री के उपन्यास "रेत समाधि" ने निश्चित ही वैश्विक स्तर पर पाठकों,लेखकों और प्रकाशकों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया है। इतना ही नहीं इस उपन्यास ने विश्व स्तर पर भारतीय मेधा का लोहा मनवाया है। रेत समाधि वृद्धावस्था, मातृत्व, अकेलापन, स्त्री-पुरुष संबंध, भारत-पाक विभाजन आदि मुद्दों को अपने खिलंदड़े अंदाज और बिखरते दिखते कथा-क्रम में उठाता है। गीतांजलि श्री रेत समाधि के विषय में यह कहतीं हैं कि रेत समाधि "रिश्तों का उपन्यास है, तरह-तरह के रिश्ते हैं। मजा भी है, दर्द भी है उनमें। समाज, इतिहास, इंसानी नियति और प्रवृत्ति तो हैं ही, जो उन्हें अपनी लपेट में खुद लेती रहती हैं। कथा है, पर एक वृहत्तर कथा में ढेरों लघु कथाएं हैं। एक तरह से कह सकते हैं कि जीवन के गड्डमड्ड का स्वरूप है यहां।" बुकर के निर्णायक मंडल ने रेत समाधि को आनंदमय कोलाहल और एक बेहतरीन उपन्यास करार दिया है ।वास्तव में, इसमें कोई संदेह या शक नहीं होना चाहिए कि हिंदी के लिए यह उत्सव का क्षण है और गीतांजलि श्री ने दुनिया में न केवल हिंदी का परचम फहराया है, बल्कि कई प्रतिमान गढ़े हैं। बताता चलूं कि गीतांजलि श्री की कहानी बेलपत्र 1987 में प्रसिद्ध साहित्यिक पत्रिका हंस में प्रकाशित हुई थी। श्री की रचनाओं में, अनुगूंज, वैराग्य, मार्च, माँ और साकूरा एव यहाँ हाथी रहते थे कहानी संग्रह शामिल हैं। रेत समाधि से पहले श्री के चार उपन्यास, माई, हमारा शहर उस बरस, तिरोहित और खाली जगह प्रकाशित हो चुके हैं। यह हम भारतीयों व भारतवर्ष के लिए गौरान्वित करने वाली बात है कि आज हिंदी साहित्य लगातार वैश्विक स्तर पर अपना वाजिब दर्जा पाने की ओर बढ़ रहा है। वास्तव में यह समूची हिंदी साहित्य बिरादरी के लिए बहुत ही अच्छी व शानदार सूचना है। आज तक विश्व पटल पर केवल यही बात प्रचारित व प्रसारित की जाती रही है कि हिंदी साहित्य में ऐसा कुछ भी नहीं लिखा गया और लिखा जा रहा है कि उसे विश्व साहित्य के समक्ष खड़ा किया जा सके। गीतांजलि श्री के उपन्यास को बुकर पुरस्कार मिलने से निश्चित ही लोगों का भ्रम टूटा है कि हिंदी साहित्य में कुछ भी निहित नहीं है। हिंदी समृद्ध है, थी और भविष्य में भी रहेगी, हिंदी समर्थ है और हिंदी में जो लिखा गया है वह बहुत कुछ लिखा गया है और शायद ही विश्व की किसी दूसरी भाषा में इतना कुछ लिखा गया हो। बुकर प्राइज एक लिटररी प्राइज है जो हर साल अंग्रेजी भाषा में लिखे गए और यूके या आयरलैंड में पब्लिश हुए सर्वश्रेष्ठ नोवल को दिया जाता है और यह एक हाई-प्रोफाइल साहित्यिक पुरस्कार है, हिंदी के उपन्यास ने अबकी बार यह पुरस्कार जीता है, इसका मतलब यह है कि हिंदी में वह दक्षता व समृद्धि है जो विश्व की अन्य भाषाओं में है।

चिंतन

## युवा भारत की राजनीति में युवाओं का नेतृत्व ज्यादा होना चाहिए

भूपेन्द्र भारतीय

भारत में हर वर्ष दो तीन बड़े राज्यों व हर पाँचवे वर्ष केंद्र में आम चुनाव होते ही है। इसके अतिरिक्त पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत, सहकारिता, मंडी, विधान परिषद, राज्यसभा, उप चुनाव आदि बीच बीच में कभी भी आ जाते हैं। लेकिन फिर भी इन चुनावों में युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व बहुत कम रहता है। परिवारवाद व जातिवाद की राजनीति ही इन सभी चुनाव में हावी रहती है। राजनीतिक नेतृत्व व राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने के लिए बड़ी मात्रा में चुनावों में धन खर्च किया जाता है। सरकारी कर्मचारियों का ज्यादा समय चुनाव समपन्न कराने में ही निकल जाता है। जनहित के कार्य कम ही हो पाते हैं। राजनीतिक शक्तियों का हस्तक्षेप सरकारी संस्थाओ में दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। अधिकांश राजनीतिक दलों में 50 वर्ष की आयु वाले या फिर उससे ज्यादा की आयु के नेता राजनीति में सक्रिय है। ऐसे में युवा वर्ग की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसा नहीं है कि वर्तमान राजनीति में युवा नेता नहीं है लेकिन अधिकांश युवा नेता परिवारवाद व जातिवाद की राजनीति से ही राजनीति में आये हुए हैं। जिनका की कोई स्वतंत्र राजनीति चिंतन व नेतृत्व नहीं है। ऐसे में वर्तमान राजनीति में युवाओं का अधिक से अधिक संख्या में आना बहुत जरूरी हो गया है। जातिवाद व वैचारिक कट्टरता की ओर जा रही हमारी वर्तमान राजनीति को युवा वर्ग का राजनीतिक नेतृत्व ही संभाल सकता है। ऐसे में यह जरूरी हो गया है कि युवा भारत की संसद व विधानसभाओं में भी सबसे ज्यादा युवा सांसद व विधायक ही पहुंचे। जिससे कि युवा भारत की रुचि व आवश्यकताओं के अनुसार कार्य हो सके।और सार्वजनिक जीवन में राजनीतिक शुचिता व पारदर्शिता बनी रहे। तथ्यों पर नजर डालें तो स्वतंत्रता के बाद से वास्तविकता तो यही है कि विश्व के सबसे युवा देश की संसद स्वतंत्रता के बाद साल दर साल बूढ़ी होती चली जा रही है। जहां स्वतंत्रता के बाद 1952 में संसद में 25 प्रतिशत 40 वर्ष से कम उम्र के सांसद थे, वहीं अब तक सबसे ज्यादा 35 प्रतिशत युवा सांसद 1957 के आम चुनाव में संसद में पहुंचे थे। तो वहीं 2019 की संसद में 40 वर्ष से कम उम्र के सांसदों की संख्या मात्र 12 प्रतिशत रह गई है। वहीं देश की विभिन्न विधानसभाओं के आंकड़ों पर नजर डालें तो उनमें भी अधिकांश विधायक 50 वर्ष की आयु से अधिक के है। कुछ विधायक तो 80 वर्ष की आयु से भी अधिक के विधानसभाओं में आ रहे हैं ! भला जो सांसद व विधायक ठीक से चल नहीं पाते हैं वह विधायिका में विधायी कार्य कैसे करते होगें? इसके कई प्रमुख कारणों में से एक कारण है, देश के युवा-युवतियों का राजनीति में बढ़-चढ़कर भागीदारी ना लेना। उसका प्रमुख कारण राजनीति में बढ़ता भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, धनबल व बाहुबलियों का हस्तक्षेप जिसके कारण युवा वर्ग राजनीति से दूरी बनाकर रखता है। आज जरूरी हो गया है कि भारतीय युवा बड़ी कंपनियों के बड़े जॉब पैकेज के साथ ही भारतीय राजनीति में भी अपनी सक्रियता बढ़ाये। वह राजनीति में नेतृत्व बढ़ाकर अपने राष्ट्र में ही नौकरियों व बड़ी कंपनियों के लिए नीतियों का निर्माण करें। युवा भारत का युवा वर्ग ही राजनीति को स्वच्छ कर सकता है। जिससे हमारे युवाओं को राष्ट्र की सेवा का सुनहरा अवसर मिले। आज भारत के सामने वैश्विक चुनौतियां बढ़ती जा रही है। आर्थिक, सामरिक, सुरक्षा, आतंकवाद, प्रौद्योगिकी, साईबर अपराध, सोशल मीडिया, पेट्रोलियम उत्पादों के लिए युद्ध आदि जैसे मुद्दों से पार पाने में कई बार उम्रदराज नेता असफल रहे हैं। आज का युवा पढ़ा लिखा व संचार माध्यमों को अच्छे से जानता है। वह राष्ट्र की अधिकांश समस्याओं को भी जानता है। सूचना व सोशल मीडिया के दौर में युवा नेतृत्व वैश्विक व घरेलू समस्याओं से आसानी से निपट सकता है। हमें याद रखना चाहिए कि स्वतंत्रता के संघर्ष में भगत सिंह व चंद्रशेखर आजाद जैसे युवा क्रांतिकारियों के नेतृत्व में एक नई राष्ट्रीय चेतना का निर्माण हुआ था । वर्तमान में व अगले 50 वर्षों में भारत की जनसंख्या में सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व युवाओं का होगा। ऐसे में भारत में युवाओं को राजनीतिक क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा आना चाहिए व आधुनिक भारत के निर्माण में सहयोग करना चाहिए।

## संत दर्शन सिंह जी ने लाखों लोगां के दिलों में प्रभु के प्रेम को जागृत किया

सावन कृपाल रूहानी मिशन

सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने यू-ट्यूब पर शिकागो, अमेरिका से लाइव टेलीकास्ट के जरिये दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज (14 सिंतबर, 1921-30 मई, 1989) की 33वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उन्हे याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दिव्य-प्रेम, दया और अपनी जिंदगी के जीते-जागते उदाहरण के द्वारा लाखों लोगों को अध्यात्म और ध्यान-अभ्यास के मार्ग पर चलाया। उन्होंने कहा कि संत दर्शन सिंह जी महाराज दिव्य-प्रेम, दया और करुणा के प्रतीक थे। उन्होंने हमारे अंदर छुपे हुए प्रभु-प्रेम को जागृत किया और लाखों भाई-बहनों को अंधकार से भरी जिंदगी से निकालकर प्रभु की चेतनता, प्रकाश व प्रेम की ओर ले गए।

सत्संग के ऑन लाइन कार्यक्रम से पूर्व पूजनीया माता रीटा जी ने 16वीं शताब्दी की भक्त मीरा बाई जी की वाणी से ह्वदरस बिन दूखन लागे नैनह्ल शब्द का गायन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके पश्चात संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने संत दर्शन सिंह जी महाराज की शिक्षा जोकि जीवन को बदलने वाली है, के बारे समझाते हुए कहा कि ह्वे चाहते थे कि हम अपने सच्चे आत्मिक स्वरूप को जानते हुए अपने जीवन के प्रमुख उद्देश्य अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है, को इसी जन्म में पूरा करें।

उन्होंने आगे फरमाया कि संत दर्शन सिंह जी महाराज अक्सर कहा करते थे कि यह मानव चोला एक सुनहरा अवसर है अपने आपको जानने और पिता-परमेश्वर को पाने के लिए। उन्होंने ध्यान-अभ्यास के द्वारा हमें अंदर के रूहानी खजानों का अनुभव कराते हुए पिता-परमेश्वर के साथ एकमेक किया। उन्होंने अपने दिव्य-प्रेम, दया और करुणा के द्वारा लाखों लोगों का ध्यान इस दुनिया से हटाकर प्रभु की ओर लगाया। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि आज से 33 साल पहले संत दर्शन सिंह जी महाराज शारीरिक रूप से इस धरती को छोड़कर चले गए लेकिन आज भी उनकी शिक्षाएं और प्रेम सदा-सदा के लिए हमारे साथ हैं। उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में ढालते हुए हम अपनी जिंदगी के उद्देश्य को पूरा करें। संत दर्शन सिंह जी महाराज ने हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज और परम संत कृपाल सिंह जी महाराज के नाम पर ह्वसावन कृपाल रूहानी मिशनह्ल की स्थापना सन 1974 में की। संत दर्शन सिंह जी महाराज ने संत-मत की पुरातन तालीम को न सिर्फ एक सरल और सहज तरीके से पेश किया बल्कि इसका निजानुभव भी लाखों लोगों को कराया। संत दर्शन सिंह जी महाराज को उर्दू और फारसी की अपनी गजलों के कारण भारत के एक महान सूफी-संत शायर के रूप में जाना जाता है। उनको दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश की उर्दू अकादमियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज के 30 मई, 1989 को महासमाधि में लीन होने के पश्चात उनके रूहानी कार्यभार को संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने संभाला और आज वे उनके द्वारा दी गई संत-मत की शिक्षाओं को संपूर्ण विश्वभर में फैला रहे हैं। जिसके फलस्वरूप उन्हें विभिन्न देशों द्वारा अनेक शांति पुरस्कारों व सम्मानों के साथ-साथ पाँच डॉक्टरेट की उपाधियों से भी सम्मानित किया जा चुका है।

सावन कृपाल रूहानी मिशन के संपूर्ण विश्व में लगभग 3200 से अधिक केन्द्र स्थापित हैं तथा मिशन का साहित्य विश्व की 55 से अधिक भाषाओं में प्रकाशित हो चुका है। इसका मुख्यालय विजय नगर, दिल्ली में है तथा अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय नेपरविले, अमेरिका में स्थित है।


## धुआं-धुआं होती जिंदगी के ऐशट्रे बनने के खतरे!

मुकुंद

**विश्व** तंबाकू निषेध दिवस पर हर साल सवाल उठते हैं। ...और उठते रहेंगे। धुआं-धुआं होती जिंदगी, जलती-बुझती सिगरेट और ऐशट्रे की राख से उठती बदबू सांसों में जहर घोलने के लिए काफी है। हवा का जहरीला होना कतरा-कतरा मौत की तरफ खुद को धकेलना होता है। सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू और खैनी की तलब न जाने कितने लोगों को मौत के पंजों में जकड़ चुकी है। बावजूद इसके लोग अपनी ही नहीं, घर-परिवार की जिंदगी को दोजख बना रहे हैं। ऐसी कहानियां त्रासद हैं। अपने कविता संग्रह 'जिंदगी, सिगरेट और ऐशट्रे' की प्रस्तावना में कवि निखिल कपूर लिखते हैं-' जिंदगी एक छोटे मासूम बच्चे की तरह होती है, पल में किलकारियां पल में आंसू । सही गलत से परे , सुख और दुख की परिभाषाओं से दूर। फिर धीरे धीरे हम जिंदगी को परिभाषाओं , नियमों और संस्कारों की बेड़ियों में जकड़ते जाते हैं।' हालांकि निखिल ने यह सब अपनी कविताओं के संदर्भ में कहा है। मगर वह यह संदेश तो देते ही हैं कि हम सही गलत से परे अपनी आदतों को अपनी तरह परिभाषित कर जिंदगी को धुआं-धुआं करने से बचा नहीं पाते। इस साल इस दिवस की विषय वस्तु -'पर्यावरण के लिए खतरनाक है तंबाकू' है। हर साल 31 मई को सारी दुनिया इस दिवस को मनाकर तंबाकू का सेवन न करने का संकल्प लेती है। बावजूद इसके तस्वीर नहीं बदल रही। पिछले साल इस दिवस की थीम 'कमिट टू क्विट' थी। इस दिवस को मनाने के पीछे का मकसद यह होता है कि तंबाकू के खतरों और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इसके नकारात्मक प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही निकोटिन के कारोबार और तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों और मौतों को कम किया जा सके। मगर ऐसा कुछ नहीं हो रहा। मोटा अनुमान है कि हमारे देश में करीब 22 करोड़ लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। इनमें 2200 लोग रोज दम तोड़कर परिवार को दे जाते हैं आहें, आंसू और टीस।

# शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि नहीं दे पाई राजस्थान रॉयल्स, 14 साल बाद भी ट्रॉफी का वनवास जारी





**नई दिल्ली।** संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स को रविवार रात गुजरात टाइटंस के हाथों आईपीएल 2022 के फाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। 14 साल बाद फाइनल में पहुंची टीम ट्रॉफी से एक दम दूर रह गई, इसी के साथ ना तो वह खिताब जीतकर पूर्व कप्तान शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि दे पाई और ना ही ट्रॉफी जीतने का वनवास खत्म हुआ।

राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के पहले सीजन में वॉर्न की कप्तानी में चैंपियन बनी थी, मगर इसके बाद टीम का परफॉर्मेंस कुछ खास नहीं रहा था। आईपीएल 2022 के मेगा ऑक्शन में मैनेजमेंट ने एक धाकड़ टीम तैयार कर ट्रॉफी की उम्मीद जताई थी, मगर फाइनल में मिली हार के बाद यह सपना अधूरा ही रह गया। 14 साल बाद भी राजस्थान रॉयल्स का खिताब जीतने का वनवास जारी है।

ट्रॉफी जीतकर शेन वॉर्न को श्रद्धांजलि देना चाहते थे राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी

आईपीएल के 15वें सीजन के शुरू होने से पहले 4 मार्च को ऑस्ट्रेलियाई पूर्व खिलाड़ी शेन वॉर्न का निधन हो गया था। वॉर्न के निधन की खबर ने राजस्थान रॉयल्स की टीम को झकझोड़ कर रख दिया था क्योंकि इसी खिलाड़ी की कप्तानी में टीम ने पहला टाइटल जीता था। ऐसे में अब राजस्थान चाहती थी कि वह सीजन-15 का खिताब जीतकर वॉर्न को श्रद्धांजलि दें, मगर वह ऐसा करने में नाकाम रही। बता दें, राजस्थान ने शेन वॉर्न के सम्मान में आईपीएल 2022 का 45वां मुकाबला खेला था, इस दौरान टीम ने वॉर्न के नाम की जर्सी पहनी थी।

**आईपीएल 2022 में शानदार रहा राजस्थान रॉयल्स का सफर**

पिछले कई सीजन से अपने फैंस को निराश कर रही राजस्थान रॉयल्स ने इस सीजन धाकड़ अंदाज में वापसी की। बल्लेबाजी यूनिट में जहां जोस बटलर के साथ बाकी बल्लेबाज धमाल मचा रहे थे, वहीं गेंदबाजी में युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट और पसिद्ध कृष्णा जैसे खिलाड़ियों का कहर था। लीग स्टेज का अंत इस टीम ने 9 मैच जीतकर दूसरे पायदान पर रहते हुए किया।

पहले क्वालीफायर में टीम को जरूर हार मिली, मगर दूसरे मौके पर उन्होंने फिर से बाउंस बैक कर फाइनल में जगह बनाई। इस साल संजू सैमसन की टीम ट्रॉफी से महज एक कदम दूर रह गई मगर फैंस उम्मीद करेंगे की अगले सीजन भी टीम ऐसा ही प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम करें।

## इंग्लैंड से वनडे और टी20 सीरीज खेलेगा ऑस्ट्रेलिया, CA ने लगाई मुहर


**नई दिल्ली।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ऐलान किया है कि 2022-23 के व्यस्त शेड्यूल में उनकी मेंस और वुमेंस टीम इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेलेगी। इंग्लैंड टीम



अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। जहां 9 अक्टूबर को ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर पहला मैच खेला जाएगा। इसके बाद 12 और 14 अक्टूबर को बाकी दो टी20 इंटरनेशनल मैच खेले जाएंगे। 16 अक्टूबर से 13 नवंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया में ही आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप खेला जाना है

इसके बाद वनडे सीरीज का पहला मैच 17 नवंबर को एडिलेड में खेला जाएगा। तीन मैचों की सीरीज के बाकी दो मैच 19 और 22 नवंबर को खेले जाएंगे। वहीं ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम 16 जुलाई से 23 जुलाई के बीच वुमेंस कॉमनवेल्थ बैंक टी20 ट्राई सीरीज में हिस्सा लेगी। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और आयरलैंड की भी टीमें होंगी।

## IPL फाइनल जीतने के बाद दौड़कर पति के गले लगी नताशा, भावुक पत्नी को हार्दिक ने दी जोरदार 'झप्पी'



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस ने धमाकेदार प्रदर्शन के दम पर ट्राफी पर कब्जा जमाया। पहली बार टूर्नामेंट में खेलने उतरी टीम ने आशीष नेहरा की कोचिंग में यह कमाल कर दिखाया। फाइनल मुकाबले में राजस्थान के खिलाफ शानदार गेंदबाजी से उनको 130 रन के स्कोर पर रोका और फिर 3 विकेट के नुकसान पर 18.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर इतिहास के पन्नें में नाम लिखवाया।रविवार 29 मई को आइपीएल 2022 के फाइनल में गुजरात ने कप्तान हार्दिक के आलराउंडर प्रदर्शन के दम पर जीत दर्ज की। गेंदबाजी करते हुए उन्होंने पहले 4 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट चटकाए और फिर बल्लेबाजी में हाथ दिखाते हुए 34 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन की वजह से उनको फाइनल जैसे अहम मुकाबले में प्लेयर आफ द मैच चुना गया। मैच खत्म होने के बाद हार्दिक की पत्नी नताशा भावुक नजर आई और पति के गले लगी रही।

**हार्दिक-नताशा का वीडियो वायरल**

मैच खत्म होने के बाद स्टेडियम में मैच देख रही हार्दिक की पत्नी नताशा मैदान के अंदर दौड़कर आती नजर आई। उन्होंने पति को आकर गले लगाया और काफी देर तक उनको कुछ कहती नजर आई। नताशा बेहद भावुक नजर आ रही थी देखने से लग रहा था जैसे उनकी आंखें छलकी हो, हार्दिक हमेशा की तरह शांत और सहज दिखे। उन्होंने पत्नी को गले लगाकर उनको जोरदार झप्पी दी और फिर वह हंसने लगी।

**हार्दिक का गजब प्रदर्शन**

चोट के बाद पहली बार हार्दिक किसी बड़े टूर्नामेंट में खेलने उतरे और वो भी कप्तान के तौर पर । उन्होंने यहां अपनी फ्रेंचाइजी टीम गुजरात के भरोसे को सही साबित करते हुए आलराउंडर प्रदर्शन कर टीम को ट्राफी दिलाई। 15 मैच में उन्होंने 487 रन बनाए जिसमें 87 रन की नाबाद पारी सर्वश्रेष्ठ रही। सीजन के दौरान हार्दिक ने 8 विकेट भी चटकाए जिसमें फाइनल में 17 रन देकर 3 विकेट सबसे बेहतरीन प्रदर्शन रहा।

## एशिया कप 2022 की तारीखों में हो सकता है बदलाव, जानिए कब से कब तक खेला जाएगा टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** श्रीलंका में एशिया कप 2022 का आयोजन होना है, जिस पर संशय बना हुआ है, लेकिन एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा जा रहा है कि टूर्नामेंट श्रीलंका में ही खेला जाएगा। इसके अलावा ये बात भी सामने आई है कि एशिया कप के इस सीजन की तारीखों में थोड़ा बदलाव हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड बदली हुई तारीखों पर एशिया कप का आयोजन करना चाहता है और उसने भाग लेने वाले देशों से उनकी सहमति मांगी है। गौरतलब है कि एशिया कप का 18वां संस्करण पहले ही दो बार स्थगित किया जा चुका है और अब इसके 24 अगस्त से श्रीलंका में शुरू होने की उम्मीद है। 7 सितंबर 2022 को एशिया कप 2022 का फाइनल खेला जाएगा, लेकिन पूरी तारीखों पर नजर डालें तो 27 अगस्त से 11 सितंबर तक टूर्नामेंट का आयोजन होना था, लेकिन इंटरनेशनल शेड्यूल को देखते हुए श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने टूर्नामेंट को पहले शुरू और पहले खत्म करने का मन बनाया है।

भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान,




मेजबान श्रीलंका और क्वालीफायर की एक टीम समेत कुल छह टीमें एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें फाइनल मैच 7 सितंबर को खेला जाएगा। एशिया कप आमतौर पर अब एक बार एकदिवसीय और एक बार टी20 प्रारूपों में खेला जाता है। आखिरी बार 2018 में एशिया कप का आयोजन हुआ था, जो वनडे फॉर्मेट में खेला गया और वह संस्करण भारत ने जीता था।द न्यूज को PCB के सूत्रों ने बताया, ÷अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के संभावित भिड़ंत से बचने के लिए पाकिस्तान सहित एशिया कप में भाग लेने वाली अन्य कुछ टीमों से एसएल बोर्ड ने तारीखों में बदलाव करने का अनुरोध किया है। पाकिस्तान को सितंबर के आखिर में सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करनी है। यदि एशिया कप 24 अगस्त की नई तारीखों पर आगे बढ़ता है और 7 सितंबर को समाप्त होता है, तो यह पाकिस्तान के दृष्टिकोण से एकदम सही तारीख होगी, क्योंकि टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज शुरुआत के लिए समय पर घर वापस आ जाएगी।÷

## IPL 2022 फाइनल ने ऐसे याद दिलाया 2011 वर्ल्ड कप, No. 7 जर्सी का विनिंग SIX, संगकारा-मलिंगा सामने और गैरी कर्स्टन का मास्टरमाइंड

**नई दिल्ली।** Indian Premier League 2022 और ICC World Cup Final 2011 के बीच कुछ ऐसी समानताएं देखने को मिली हैं, जो शायद ही किसी ने सोची होंगी। शुभमन गिल ने छक्के के साथ गुजरात टाइटन्स को चैंपियन बनाया, 2011 वर्ल्ड कप फाइनल में महेंद्र सिंह धोनी ने ही ऐसा किया था। इन दोनों के बीच समानता है, इन दोनों का जर्सी नंबर। शुभमन भी नंबर-7 जर्सी पहनते हैं और धोनी का जर्सी नंबर तो किसी को बताने की जरूरत ही नहीं है। भारत ने 2011 वर्ल्ड कप फाइनल मैच श्रीलंका के खिलाफ खेला था और कुमार संगकारा और लसिथ मलिंगा उस टीम का हिस्सा थे।

**संगकारा और मलिंगा फिर हारे**

गुजरात टाइटन्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खिताबी मुकाबला जीता। कुमार संगकारा राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट और हेड कोच हैं। वहीं मलिंगा बॉलिंग कोच हैं। संगकारा और मलिंगा तब भी हारने वाली टीम का हिस्सा थे और इस बार भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला। वहीं गैरी कर्स्टन का भी इस संयोग में बड़ा हाथ रहा है।

**कर्स्टन और नेहरा विनिंग टीम में**

टीम इंडिया ने गैरी कर्स्टन के कोचिंग कार्यकाल में आईसीसी वर्ल्ड कप जीता था और मौजूदा समय में कर्स्टन गुजरात टाइटन्स टीम से मेंटॉर के तौर पर जुड़े हुए हैं। और सबसे आखिरी में बात करते हैं आशीष नेहरा की। तब नेहरा टीम इंडिया का हिस्सा थे और अब वह गुजरात टाइटन्स टीम के हेड कोच हैं। हार्दिक पांड्या ने आईपीएल चैंपियन बनने के बाद बताया कि किस तरह से नेहरा का इस जीत में बड़ा हाथ रहा है।

**कप्तान बना मैन ऑफ द मैच**

2011 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में महेंद्र सिंह धोनी नॉटआउट 91 रनों की पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुने गए थे और इस मैच में हार्दिक पांड्या को तीन विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। तब भी कप्तान ने फ्रंट से लीड किया था और इस मैच में भी कप्तान ने फ्रंट से लीड किया।

हार्दिक वैसे भी अपने करियर में महेंद्र सिंह धोनी के प्रभाव को लेकर खुलकर बात कर चुके हैं।

## जोस बटलर ने अकेले लगाई अवॉर्ड्स की झड़ी, जानिए किस-किस खिताब पर किया कब्जा




**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज जोस बटलर ने आईपीएल 2022 में इतिहास रच दिया। जोस बटलर के बल्ले ने आईपीएल के इस सीजन में जमकर आग उगली। जोस बटलर 850 से ज्यादा रन बनाने में सफल रहे, लेकिन एक मलाल उनको रह गया होगा कि राजस्थान की टीम खिताब नहीं जीत पाई। हालांकि, उन्होंने आईपीएल के एक सीजन में 6 अवॉर्ड जीतने का काम किया है, जो किसी भी खिलाड़ी द्वारा एक रिकॉर्ड है।

जोस बटलर ने इस सीजन में सबसे ज्यादा 863 रन बनाने के लिए ऑरेंज कैप अपने नाम किया। वे इस सीजन में किसी अन्य बल्लेबाज के मुकाबले करीब 250 रन ज्यादा बनाने में सफल हुए। ऑरेंज कैप की ट्रॉफी के साथ-साथ उनको 10 लाख रुपये भी मिले।

इसकेपांचवां खिताब बटलर ने मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर ऑफ द मैच के रूप में जीता। इसके लिए भी उनको ट्रॉफी और 10 लाख रुपये मिले। छठा खिताब वे पावरप्लेयर ऑफ द सीजन के रूप में जीतने में सफल हुए। इसके लिए भी उनको ट्रॉफी और 10 लाख रुपये। आईपीएल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब एक खिलाड़ी को इतने ज्यादा अवॉर्ड जीतने में सफलता मिली है।

## IPL 2022 Prize Money: चैंपियन गुजरात पर हुई पैसों की बरसात, राजस्थान को हार के बाद भी मिले 12.5 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन का समापन हो चुका है। टूर्नामेंट की दो टाप टीम गुजरात टाइटंस और राजस्थान रायल्स के बीच फाइनल मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए संजू सैमसन की टीम महज 131 रन का लक्ष्य ही रख पाई जिसे हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली टीम ने 18.1 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल किया और आइपीएल ट्राफी पर कब्जा जमाया।

इस जीत के बाद बीसीसीआइ की तरफ से गुजरात की टीम के साथ साथ प्लेआफ में पहुंचने वाली टीमों पर भी धनवर्षा हुई। पूरे सीजन में दमदार खेल दिखाने के बाद खिताब पर कब्जा करने वाली गुजरात की टीम को आइपीएल ट्राफी के अलावा 20 करोड़ की राशि विजेता टीम होने के तौर पर दिया गया। वहीं राजस्थान की टीम जो इस सीजन फाइनल तक पहुंची और उप विजेता रही उसे 12.5 करोड़ रुपये की राशि दी गई।क्वालीफायर 1 में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत हासिल करने वाली रायल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम ने क्वालीफायर 2 में जगह बनाई थी। यहां उसे राजस्थान के हाथों हारकर टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा।

## Hardik Pandya IPL 2022: भारत के भविष्य के कप्तानी उम्मीदवार हार्दिक पांड्या को लोग क्यों करते हैं प्यार, सहवाग ने बताया

**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या एक बेहरतरीन आलराउंडर हैं और टीम इंडिया के लिए किए अपने प्रदर्शन के जरिए उन्होंने लोगों से खूब प्यार और सम्मान हासिल किया है। अब गुजरात की कप्तानी करते हुए इस टीम को चैंपियन बनाकर उन्होंने लोगों के दिलों में अपनी पैठ और गहरी कर ली। आइपीएल से पहले खराब फिटनेस से जूझ रहे हार्दिक ने जिस तरह से कमबैक किया वो अपनेआप में कमाल है। उन्होंने इस आइपीएल सीजन में बतौर कप्तान को खुद को साबित किया ही एक आलराउंडर के तौर पर भी जो उनकी पुरानी छवि थी उसे भी वापस पा लिया। हार्दिक पांड्या ने आइपीएल 2022 फाइनल में अपनी टीम के लिए शानदार आलराउंड प्रदर्शन किया और टीम को जीत दिलाई। उन्हें प्लेयर आफ द मैच चुना गया और उनके इस प्रदर्शन के बाद टीम इंडिया के पूर्व ओपनर बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने उनकी जमकर तारीफ की। हार्दिक पांड्या ने इस सीजन में खेले 15 मैचों में 487 रन बनाए इनमें उन्होंने 8 विकेट भी लिए। इसमें से भी तीन विकेट तो उन्होंने फाइनल में ही लिए थे। सहवाग ने बताया कि भारतीय आलराउंडर और टीम इंडिया की भविष्य की कप्तानी के उम्मीदवार हार्दिक पांड्या का आफ-फील्ड व्यक्तित्व बिल्कुल अप्रासंगिक क्यों है। सहवाग ने क्रिकबज से बात करते हुए कहा कि मैदान के बाहर का व्यक्तित्व मायने नहीं रखता, यह बिल्कुल अप्रासंगिक है .

## IPL 2022: कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धोनी से हो रही है हार्दिक पांड्या की कप्तानी की तुलना

**नई दिल्ली।** Indian Premier League का खिताब जीतना किसी भी कप्तान के लिए बहुत बड़ी बात होती है और कप्तान के तौर पर डेब्यू सीजन में यह कारनामा कर दिखाया, दर्शाता है कि हार्दिक पांड्या कितने अच्छे कप्तान हैं। हार्दिक ने खुद कई बार इस बात को कहा है कि उनके करियर पर महेंद्र सिंह धोनी की छाप है और उन्होंने माही भाई से बहुत कुछ सीखा है। आईपीएल 2022 के दौरान कई मौकों पर देखा गया कि हार्दिक कप्तान के तौर पर कितने कूल रहे हैं। आईपीएल 2022 फाइनल मैच में शुभमन गिल ने जब विनिंग



छक्का लगाया, तब भी हार्दिक के चेहरे पर एक्स्ट्रा एक्साइटमेंट नहीं दिखा। वह काफी शांत नजर आए, जैसा कि धोनी अपने करियर के दौरान दिखे हैं।

**नए 'कैप्टन कूल' हैं हार्दिक पांड्या**

हार्दिक आईपीएल की ट्रॉफी को यूं प्यार से सहेजते नजर आए, मानों कोई पिता अपने बच्चे से लाड़ कर रहा हो। हार्दिक को उनकी पत्नी नताशा ने गले लगाया मानों विश्वास दिला रही हों कि बुरे दौर में उनके पीछे खड़ा रहने वाला परिवार अच्छे दिनों में भी उसी तरह उनके साथ है। अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से फाइनल में गुजरात टाइटन्स को जीत दिलाने वाले हार्दिक ने कहा, 'मैं प्यार पर ही जीता हूं जो मुझे अपने परिवार से भरपूर मिलता है।'चमकीले जैकेट और कान में हीरे के टॉप्स पहनने वाले हार्दिक शुरुआती दिनों में ग्लैमर में डूबे युवा की तरह नजर आते थे लेकिन एक लापरवाह युवा से जिम्मेदार कप्तान बनने तक का उनका सफर उनके जीवट की कहानी कहता है। पत्नी नताशा, बेटा अगस्त्या, भाई क्रुणाल और वैभव, भाभी पंखुड़ी उनकी ढाल की तरह रहे हैं।

**मेरी ताकत है मेरा परिवार**

हार्दिक ने कहा, नताशा काफी इमोशनल है और मुझे अच्छा करते देख बहुत खुश हो जाती है। उसने मेरे करियर में काफी उतार-चढ़ाव देखें हैं और उसे पता है कि मैंने कितनी मेहनत की है।

## हार्दिक पांड्या ने IPL 2022 के फाइनल में किए ये 5 कमाल, लेकिन नहीं टूटा एक भी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** गुजरात टाइटन्स ने जब हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान नियुक्त किया था तो हर किसी ने इस फैसले पर आपत्ति जाहिर की थी, क्योंकि पांड्या पिछले कुछ समय में एक बल्लेबाज के रूप में खेले थे। यहां तक कि इस कारण से उनको टी20 वर्ल्ड कप के बाद टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन इस खिलाड़ी ने मेहनत के दम पर न सिर्फ अपनी गेंदबाजी पर काम किया, बल्कि टीम को खिताब भी दिलाया। इसी दौरान हार्दिक पांड्या ने पांच उपलब्धियां भी अपने नाम कीं।हार्दिक पांड्या आईपीएल के पहले सीजन में ही कप्तानी करते हुए खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले शेन वॉर्न ने 2009 में, रोहित शर्मा ने 2013 में और हार्दिक पांड्या ने अब 2022 में ये कमाल किया है। पांड्या का दूसरा कमाल ये था कि वे आईपीएल फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब पाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले अनिल कुंबले ने 2009 में और रोहित शर्मा ने 2015 में ये कमाल किया हुआ है।

आईपीएल में पांड्या ने तीसरा कमाल ये किया कि वे सबसे कम मैचों में अपनी टीम को आईपीएल चैंपियन बनने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। हार्दिक पांड्या ने 15 मैच खेलकर टीम को चैंपियन बनाया है, जबकि रोहित शर्मा ने ये कमाल 13 मैचों में किया था। 15 मैच शेन वॉर्न ने भी राजस्थान को 2008 में जिताने के लिए लिए थे। चौथा कमाल हार्दिक का ये था कि वे ऐसे दूसरे कप्तान बन गए, जिन्होंने फाइनल में 3 विकेट लिए।

हार्दिक पांड्या ने पांचवां कारनामा आईपीएल में ये किया है कि वे आईपीएल की पांच ट्रॉफी जीतने वाले संयुक्त रूप से दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। पांड्या 4 बार मुंबई और एक बार गुजरात के साथ आईपीएल ट्रॉफी जीत चुके हैं। रोहित शर्मा 6 बार (5 बार मुंबई और एक बार डेक्कन चार्जर्स), किरोन पोलार्ड और अंबाती रायुडू 5-5 बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। वहीं, एमएस धोनी और लसिथ मलिंगा 4-4 बार खिताबी जीत का हिस्सा रहे हैं।



## संडे हो या मंडे रोज खाओ अंडे...', अध्ययन का दावा- दिल के लिए लाभकारी है इसका नियमित सेवन

**बीजिंग.** संडे हो या मंडे, रोज खाओ अंडे, ऐसा ही कुछ एक शोध के निष्कर्ष का भी कहना है। इसके अनुसार यदि लोग अपने डाइट में अंडा शामिल कर लें तो दिल की बीमारियों से इनका बचाव हो सकता है। इसका कहना है कि अंडा पूरी तरह स्वास्थ्यवर्धक होता है। हाल में ही हुए एक शोध में कहा गया है अपने आहार में सीमित तौर पर अंडे को शामिल करने से स्वास्थ्य बेहतर होगा। शोधकर्ताओं ने एक हालिया अध्ययन में दावा किया है कि



सीमित मात्रा में अंडे के नियमित सेवन से खून में दिल के लिए फायदेमंद मेटाबोलाइट की संख्या में इजाफा होता है। मेटाबोलाइट उपापचय के आवश्यक तत्व हैं। अध्ययन निष्कर्ष ई-लाइफ नामक पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

**कोलेस्ट्राल का समृद्ध स्त्रोत है अंडा**

अंडे खाद्य पदार्थो में पाए जाने वाले कोलेस्ट्राल के समृद्ध स्त्रोत हैं, लेकिन उनमें कई प्रकार के आवश्यक पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। इस बात के परस्पर विरोधी प्रमाण हैं कि अंडे का सेवन दिल के लिए फायदेमंद है या हानिकारक। वर्ष 2018 में जर्नल हार्ट में प्रकाशित एक अध्ययन में बताया गया था कि जो लोग रोजाना अंडे खाते हैं (प्रतिदिन एक अंडा), उनमें दिल की बीमारी व स्ट्रोक का खतरा अनियमित रूप से अंडे खाने वालों के मुकाबले कम होता है।

आहार में शामिल करें अंडे

अंडे को आहार में शामिल करने को लेकर किए गए अध्ययन में लगभग पांच लाख वयस्क शामिल थे। अब शोधकर्ताओं ने इन संबंधों की अच्छी समझ के लिए आबादी आधारित अध्ययन किया। उनका अध्ययन खून में मौजूद दिल को प्रभावित करने वाले कारकों पर केंद्रित रहा।

## मंकीपाक्स को लेकर पाकिस्तान में हाई अलर्ट, देश में अब तक नहीं मिला है एक भी मामला

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान सरकार ने सोमवार को देश के सभी स्वास्थ्य प्राधिकरणों के लिए हाई अलर्ट जारी किया है। इसके तहत स्वास्थ्य अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल हेल्थ सर्विसेज हालात की करीब से निगरानी कर रहा है और इस बात को सिरे से नकार दिया कि देश में मंकीपाक्स के मामले आ रहे हैं।

पिछले सप्ताह स्वास्थ्य मंत्री अब्दुल कादिर पटेल ने कहा कि सरकार ने वायरल बीमारी की जांच के लिए टेस्टिंग किट के आर्डर दिए हैं। उन्होंने कहा हमने किट के आर्डर दिए हैं और यह जल्दी ही पहुंच जाएगा और एंट्री प्वाइंट्स पर तैनात गार्डों को भी अलर्ट कर दिया गया है। अब तक मंकीपाक्स का यहां एक भी मामला नहीं है।नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ ने यह भी स्पष्ट किया था कि सोशल मीडिया पर देश में बीमारी के मामले मिलने को लेकर हो रही बात गलत है। बता दें कि नाइजीरिया से ब्रिटेन आए युवक में पहली बार मंकीपाक्स देखा गया था। इसके बाद यूरोप में अब तक 100 से ज्यादा मामलों की पुष्टि हो चुकी है। ब्रिटेन में अब तक 15 से अधिक मामलों की पुष्टि हो चुकी है। स्पेन, बेल्जियम, पुर्तगाल, फ्रांस में भी इसके मामले मिले हैं। यूरोप के साथ उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी लोग चपेट में आए हैं। इसका कारण अभी भी अस्पष्ट है।

## Russia Ukraine War: रूस के हमले नहीं इन चीजों की किल्लत से मरने की कगार पर हैं लुहांस्क की जनता, बचाव की कवायद शुरू

**कीव.** रूस-यूक्रेन में तीन महीनों बाद भी युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। रूसी सेना लगातार हमले करते हुए यूक्रेन के कई हिस्सों पर कब्जा कर चुकी है। इस बीच यूक्रेन के लुहांस्क क्षेत्र में रूसी हमलों के बाद हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। यहां के नागरिक अब रूसी हमलों से नहीं गैर और पानी की कमी से मरने की कगार पर हैं। वहां के गवर्नर का कहना है कि इस क्षेत्र में लाखों लोगों को पानी की आपूर्ति के बिना छोड़ दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा है कि लुहांस्क क्षेत्र में लिस्चांस्क के जरिए निकासी की जा रही है।



## विमान हादसा: नेपाली सेना ने दुर्घटनास्थल का पता लगाया, 'पहचान में नहीं आ रहे शव'

**काठमांडू.** नेपाल की सेना को विमानन कंपनी 'तारा एअर' के दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे के मुस्तांग जिले में होने के सुराग मिले हैं। सेना के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। ब्रिगेडियर नारायण सिल्वाल ने कहा, ''सैनिकों और बचावकर्मियों ने दुर्घटनास्थल का पता लगा लिया है। इससे जुड़ी विस्तृत जानकारी जल्द साझा की जाएगी।'' उन्होंने ट्वीट किया, ''दुर्घटनास्थल मुस्तांग जिले के थसांग-2 का सनोसवेयर है।'

मस्टैंग के मुख्य जिला अधिकारी, नेत्र प्रसाद शर्मा ने एएनआई को बताया कि हवाई और जमीन दोनों रास्ते से खोज और बचाव दल दुर्घटनास्थल की ओर जा रहे हैं। नेपाल पुलिस निरीक्षक राज कुमार तमांग के नेतृत्व में एक टीम हवाई मार्ग से दुर्घटनास्थल पर पहुंची है। अधिकारी ने कहा, ÷यात्रियों के कुछ शव पहचान से परे हैं। पुलिस अवशेष इकट्ठा कर रही है।÷



'तारा एअर' के 'ट्विन ओट्टर 9एन-एईटी' विमान ने पोखरा से रविवार सुबह करीब 10 बजे उड़ान भरी थी, लेकिन 15 मिनट बाद ही उसका नियंत्रण टॉवर से संपर्क टूट गया। विमान में चार भारतीय, दो जर्मन और 13 नेपाली नागरिकों सहित कुल 22 लोग सवार थे। उनके बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

अधिकारियों के मुताबिक, खराब मौसम और बादल छाए रहने के कारण दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कनाडा में निर्मित यह विमान पोखरा से मध्य नेपाल स्थित मशहूर पर्यटक शहर जोमसोम की ओर जा रहा था।

विमानन कंपनी की ओर से जारी यात्रियों की सूची के अनुसार, विमान में मौजूद भारतीयों की पहचान अशोक कुमार त्रिपाठी, उनकी पत्नी वैभवी बांडेकर त्रिपाठी और बच्चों धनुष त्रिपाठी व ऋतिका त्रिपाठी के तौर पर हुई है। यह परिवार महाराष्ट्र के ठाणे जिले का रहने वाला है।गौरतलब है कि 2016 में 'तारा एअर' का एक अन्य विमान उड़ान भरने के बाद इसी मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में विमान में सवार सभी 23 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, मार्च 2018 में यूएस-बांग्ला एअर का विमान त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिससे उसमें सवार 51 लोगों की जान चली गई थी।

## पाकिस्तान सरकार ने शुरू की पीएम किसान योजना जैसी स्कीम, एक तिहाई परिवारों को हर महीने मिलेंगे 2000 रुपये

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आर्थिक संकट के बीच करीब एक तिहाई आबादी को 2,000 रुपये प्रति महीने की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। इस स्कीम से देश के 1.4 करोड़ परिवारों को फायदा होगा, जो महंगाई और बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे राष्ट्र को संबोधित करते हुए 28 अरब रुपए के राहत पैकेज की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस राहत पैकेज के तहत करीब एक-तिहाई आबादी यानि 1.4 करोड़ परिवारों को प्रत्येक महीने सहायता के रूप में दो हजार रुपए दिए जाएंगे।उन्होंने अपने संबोधन में एक दिन पहले पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में की गई वृद्धि को जायज बताते हुए कहा कि देश को आर्थिक दिवालियापन से बचाने के लिए यह वृद्धि की गई है। इस घोषणा के एक दिन पहले ही पाकिस्तान में पेट्रोल, डीज़ल और मिट्टी के तेल पर मिलने वाली सब्सिडी हटा दी, और ईंधन के दामों में 30 रूपये की वृद्धि की गई थी। दरअसल आईएमएफ ने पाकिस्तान को कर्ज देने से पहले शर्त रखी थी कि उसे देश में ईंधन की कीमतों में इजाफा करना होगी। इस शर्त के बाद पाकिस्तान ने देश में पेट्रोल की कीमत में 30 रुपये का एकमुश्त इजाफा किया था।इस फैसले को लेकर पाकिस्तान सरकार की तीखी आलोचना हो रही थी। खासतौर पर ऐसे वक्त में जब बेरोजगारी और महंगाई का संकट गहराया हुआ है। माना जा रहा है कि इस आलोचना से निपटने के लिए ही पाकिस्तान सरकार ने 2,000 रुपये प्रति माह की राहत राशि देने का ऐलान किया है।



## लोगों को सबसे सस्ता गेहूं का आटा देने के लिए अपने कपड़े बेच दूंगा', मुख्यमंत्री को चेतावनी देकर बोले शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री महमूद खान को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि अगर नेता ने अगले 24 घंटे के भीतर 10 किलो गेहूं के आटे की बोरी की कीमत घटाकर 400 रुपये नहीं की तो वह अपने कपड़े बेच देंगे और लोगों को सस्ता आटा खुद उपलब्ध कराएंगे। रविवार को ठाकारा स्टेडियम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, ÷मैं अपनी बात दोहराता हूं, मैं अपने कपड़े बेच दूंगा और लोगों को सबसे सस्ता गेहूं का आटा उपलब्ध कराऊंगा।÷जनसभा में सियासी गरमी की गूंज पीएम के संबोधन से भी सुनाई दी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने देश को अब तक की सबसे ज्यादा महंगाई और बेरोजगारी का तोहफा दिया है। पीएम शरीफ ने इमरान खान के नेतृत्व वाली सरकार की निंदा करते हुए कहा कि वह पांच मिलियन घर और एक करोड़ नौकरियां देने के अपने वादे को पूरा करने में विफल रहे और देश को आर्थिक संकट में धकेल दिया।

डॉन की खबर के मुताबिक, रैली के दौरान शहबाज शरीफ ने कहा, मैं आपके सामने घोषणा करता हूं कि मैं अपना जीवन कुर्बान



कर दूंगा लेकिन इस देश को समृद्धि और विकास के रास्ते पर रखूंगा।÷ बलूचिस्तान चुनावों पर बोलते हुए, पीएम ने कहा कि लोगों ने उन पर विश्वास किया और उनके पक्ष में मतदान करने के लिए बाहर आए हैं।उन्होंने कहा, ÷ऐसा बहुत कम ही होता रहा है, बलूचिस्तान के लोग मतदान केंद्रों पर उमड़ पड़े और जैसा कि मुझे उम्मीद थी कि मतदाताओं का मतदान 30 से 35 प्रतिशत के बीच रहेगा जो लोकतंत्र और कानून व्यवस्था में सुधार में लोगों का विश्वास है।

जैसे-जैसे पाकिस्तान ईंधन की कीमतों में वृद्धि की चपेट में है, शहबाज शरीफ ने इसके लिए इमरान खान को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, ÷इमरान खान, जो सार्वजनिक रूप से सभी को अपमानित करते हैं, ने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में ऐसे समय में कमी की थी जब दुनिया भर में दरें बढ़ रही थीं। उन्होंने ऐसा तब किया था जब उन्हें पता था कि वे अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता से बाहर कर दिया जाएंगे।

रैली के दौरान पीएम शरीफ ने अपने भाई और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की भी जमकर तारीफ की।

## यूक्रेन-रूस तनाव: अमेरिकी प्रतिबंधों को दरकिनार कर सर्बिया ने रूस से किया बड़ा समझौता

**बेलग्रेड.** यूरोपीय संघ और अमेरिका द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों को दरकिनार कर सर्बिया ने रविवार को रूस के साथ एक बड़ा गैस समझौता किया। उसके इस फैसले को एक बड़ा कदम और रूस के हित में लिया गया फैसला बताया जा रहा है। सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वूसिक ने पहले भी यूक्रेन पर हमले की निंदा करने से इनकार किया और यूरोपीय देशों द्वारा रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों को मानने से इनकार कर दिया था। सर्बिया अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पूरी तरह रूसी गैस पर निर्भर है। उसकी प्रमुख ऊर्जा कंपनियों का स्वामित्व भी रूस के पास है। वूसिक को रूस का समर्थक माना जाता है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि यूरोपीय संघ उन्हें अपने संगठन में शामिल करना चाहता है, लेकिन हाल के वर्षों में सर्बिया के रिश्ते रूस के साथ और मजबूत हुए हैं और हम लंबे समय से सहयोगी हैं।

**तीन साल का हुआ समझौता**

वूसिक ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हम इस समझौते में उन मूल तत्वों पर सहमत हुए हैं ,जो सर्बिया के लिए मददगार हैं। ये समझौता तीन साल का हुआ है। उन्होंने कहा कि पुतिन से फोन पर हुई वार्ता में उन्होंने अपील की है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति स्थापित की जाए।

# अपने बेटों को पाकिस्तान में बुलाओ, इमरान खान से ऐसा क्यों बोलीं मरियम नवाज

पाकिस्तान की सत्ता से बेदखल होने के बाद इमरान खान लगातार सरकार विरोधी रैलियां कर रहे हैं और अपने समर्थकों संग बड़े बड़े जलसे कर रहे हैं। इसी बीच उन्होंने चुनाव की मांग को लेकर शुरू किया आजादी मार्च खत्म करने का फैसला लिया। इससे पहले उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए अपने समर्थकों का आह्वान किया था। हालांकि इस आजादी मार्च को लेकर वे लगातर निशाने पर रहे। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की भतीजी मरियम नवाज ने तो यहां तक कह दिया कि इमरान खान अपने बेटों को पाकिस्तान में बुलाएं और उन्हें सड़कों पर उतारें।दरअसल, इमरान खान ने जल्द चुनाव की मांग को लेकर एक विशाल आजादी मार्च की शुरुआत की थी और उन्होंने इस मार्च को जिहाद का नाम दिया था। इसी को लेकर वे निशाने पर आ गए। पाकिस्तान में सत्तारूढ़ मुस्लिम लीग की उपाध्यक्ष और पीएम की भतीजे मरियम नवाज ने कहा है कि अगर इमरान खान को लगता है कि यह मार्च एक जिहाद है तो उन्हें लंदन में रह रहे अपने बेटों को भी बुलाना चाहिए क्योंकि जिहाद तो हर मुसलमान का फर्ज है।

डॉन की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक रैली को संबोधित करते हुए मरियम नवाज ने कहा कि जिहाद तो हर मुसलमान पर फर्ज है फिर इमरान खान ने अपने बेटों कासिम और सुलेमान को लंदन में क्यों बिठाया हुआ है। तुम्हारे बच्चे लंदन में और यहां लोग सड़कों पर रहें, सबसे पहले अपने बच्चों से कहिए कि वे ब्रिटिश पासपोर्ट को आग लगाकर आएं और आजादी मार्च में शामिल हों और उसकी अगुवाई करें।इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मार्च को समाप्त करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम रक्तपात से बचने के लिए उठाया गया है क्योंकि देश के कई शहरों में मेरी पार्टी के सदस्यों के साथ पुलिस दुर्व्यवहार कर रही थी।

मैंने लोगों के बीच इसे लेकर भारी आक्रोश देखा है। पुलिस ने मार्च को रोकने के लिए जो किया उसे लेकर लोगों के बीच मैंने गुस्सा देखा है। इस बात का डर था कि अगर मार्च तय योजना के अनुसार चलता रहा तो देश में अराजकता फैल जाती।

इमरान ने सेना से समझौता करने के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि आजादी मार्च खत्म करना हमारी कमजोरी मत समझिए और यह भी मत समझिए कि कोई समझौता हुआ है।

मुझे अजीब बातें सुनने को मिल रही हैं, मैंने किसी के साथ कोई समझौता नहीं किया है।

## अमेरिका में गोलीबारी, एक की मौत, सात घायल

**वाशिंगटन।** बंदूक संस्कृति से घिरे अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर खूनखराबा हुआ है। ओक्लाहोमा में स्मृति दिवस समारोह में की गई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। अमेरिकी मीडिया में यह घटना सुर्खी बनी है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले 24 मई को टेक्सास प्रांत के उवाल्डे शहर में एक स्कूल में एक छात्र ने 19 छात्रों सहित 21 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने कहा था कि स्कूल में गोलीबारी करने वाला 18 वर्षीय सल्वाडोर रामोस अपराधिक प्रवृत्ति का नहीं था। वह अपनी दादी को गोली मारने के बाद स्कूल पहुंचा था। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसे ढेर कर दिया गया था।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## चीन 10 प्रशांत राष्ट्रों से नए समझौते करने में विफल, कई देशों ने जताई चिंता

**सुवा।** चीन को 10 प्रशांत महासागर से जुड़े राष्ट्रों के साथ समझौते करने की दिशा में विफलता का सामना करना पड़ा है। इसको लेकर इससे जुड़े देशों ने भारी चिंता भी जताई है।

चीन के विदेश मंत्री वांग ई की यात्रा के दौरान देश को मामूली सफलताएं मिली हैं। वांग 10 द्वीप राष्ट्रों के विदेश मंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की सह-मेजबानी करने के लिए फिजी पहुंचे हैं। वांग और फिजी के प्रधानमंत्री फ्रैंक बाइनीमारामा ने एक संवाददाता सम्मेलन में बात की लेकिन इस सम्बन्ध में सवाल पूछने पर वे बिना उत्तर दिए चले गए। हालांकि, बैठक से संबंधी सभी जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि चीन के मंसूबे बैठक में सफल नहीं हो पाए।

## यमन में तीन बारूदी सुरंगों में धमाके, पांच की मौत

**सना।** यमन के बंदरगाह शहर होदेइदाह में तीन बारूदी सुरंगों में हुए धमाकों में पांच लोगों की मौत हो गई। इनमें एक महिला और एक बच्चा भी शामिल है। एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। बताया गया है कि हाउती विद्रोहियों नद्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों में ये धमाके हुए हैं। पहला विस्फोट होदेइदाह के दक्षिणी हिस्से में हुआ। यहां एक मोटरसाइकिल बारूदी सुरंग की चपेट में आ गई। इस घटना में एक बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा होदेइदाह के अल हाली जिले में हुए धमाके के एक महिला की मौत हो गई। होदेइदाह के हेज जिले में बारूदी सुरंग में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसका बच्चा घायल हो गया। उल्लेखनीय है कि यमन से 339,431 बारूदी सुरंगों को हटाया जा चुका है।

## तालिबानी क्षेत्रों में 'आजादी' से प्रशिक्षण शिविर चलाते हैं पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह, UN की रिपोर्ट में खुलासा

**काबुल** पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) अफगानिस्तान के तालिबान-नियंत्रित हिस्सों में मौजूद हैं जहां वे प्रशिक्षण शिविर चलाते हैं और बड़ी बैठकों सहित सत्तारूढ़ शासन के साथ गहरे संबंध रखते हैं। अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र निगरानी दल की नवीनतम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारतीय उपमहाद्वीप में अल कायदा (यानी एक्यूआईएस) में 180 से 400 लड़ाके हैं, जिनमें ÷बांग्लादेश, भारत, म्यांमार और पाकिस्तान के नागरिक हैं और यह अफगानिस्तान के... गजनी,



हेलमंद, कंधार, निमरुज, पक्तिका और जाबुल प्रांत में स्थित हैं।हालांकि, इसमें कहा गया है कि अल कायदा नए अफगान शासन के तहत ज्यादा आजादी का लुफ्त उठा रहा है। इसके द्वारा अगले एक या दो साल के लिए अफगानिस्तान के बाहर हमलों या प्रत्यक्ष हमलों की संभावना नहीं है, क्योंकि इसके पास क्षमता की कमी है और तालिबान भी संयम दिखा रहा है।रिपोर्ट में एक सदस्य राज्य का हवाला देते हुए कहा गया है कि ÷छ्द्दरू नंगरहार में आठ प्रशिक्षण शिविर चलाता है, जिनमें से तीन सीधे तालिबान के नियंत्रण में हैं÷। लश्कर के पास कहा जा रहा है कि ÷कुनार और नंगरहार में तीन शिविर हैं÷ और ÷तालिबान के संचालन को वित्त और प्रशिक्षण विशेषज्ञता प्रदान करता है। द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, यूएन की रिपोर्ट में ÷उसी सदस्य राज्य ने बताया कि जनवरी 2022 में, तालिबान के एक प्रतिनिधिमंडल ने नंगरहार के हस्का मेना जिले में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा इस्तेमाल किए गए एक प्रशिक्षण शिविर का दौरा किया। अक्टूबर 2021 में, एक सदस्य देश के अनुसार ... लश्कर नेता, मावलवी असदुल्ला ने तालिबान के उप आंतरिक मंत्री नूर जलील से मुलाकात की थी।रिपोर्ट में छ्द्दरू को एक देवबंदी समूह के रूप में संदर्भित किया गया है जो वैचारिक रूप से तालिबान के करीब है। इसमें कहा गया, ÷समूह का नेता मसूद अजहर है, और कारी रमजान अफगानिस्तान में छ्द्दरू का नया नियुक्त प्रमुख है। लश्कर-ए-तैयबा पर, रिपोर्ट में कहा गया है÷ अफगानिस्तान के भीतर, इसका नेतृत्व मावलवी यूसुफ कर रहा है।बता दें कि निगरानी दल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध समिति की सहायता करता है, और यह रिपोर्ट अगस्त 2021 में काबुल के पतन के बाद से इसकी पहली रिपोर्ट है। हस्ष्ट प्रतिबंध समिति के सदस्यों के बीच प्रसारित, रिपोर्ट अफगानिस्तान के प्रति संयुक्त राष्ट्र की भविष्य की रणनीति के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है।

शांति प्रक्रिया के विफल होने पर पाकिस्तान को भी लगेगा झटका?संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट में अफगानिस्तान आधारित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से पाकिस्तान की सुरक्षा को लगातार खतरे की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया है गया और कहा गया है कि खूंखार आतंकी संगठन के साथ चल रही शांति प्रक्रिया के सफल होने की संभावनाएं क्षीण हैं। तालिबान प्रतिबंध समिति 1988 की निगरानी टीम की वार्षिक रिपोर्ट में अफगान-तालिबान के साथ टीटीपी के संबंधों का उल्लेख किया गया है और यह बताया गया है कि पिछले साल गनी शासन के पतन से इस समूह को कैसे फायदा हुआ और इसने अफगानिस्तान से संचालित अन्य आतंकवादी समूहों के साथ अपने संबंध कैसे जोड़े।

## नेपाल विमान हादसा: 22 लोगों में से 14 के शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल की सेना ने सोमवार को उस स्थान का पता लगा लिया, जहां रविवार को नेपाल की निजी एयरलाइंस तारा एयर का 19 सीटर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। नेपाली सेना के मुताबिक 14 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। कुछ लोगों के शवों की पहचान अभी नहीं हो पा रही है।